हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 122, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 31 अक्टूबर, 2023 दिन मंगलवार गाजीपुर/वाराणसी

## मिर्जापुर में मुख्यमंत्री योगी, 202 करोड़ की 606 विकास योजनाओं का किया लोकार्पण

### सीएम ने मां विंध्यवासिनी का दर्शन-पूजन किया, विंध्य कॉरिडोर का किया निरीक्षण

प्रखर पूर्वांचल मिर्जापुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मिजार्पुर पहुंच गए हैं। सीएम ने मां विंध्यवासिनी का दर्शन-पूजन किया। उनका हेलीकॉप्टर सुबह 10:51 पर मोती झील स्थित हेलीपैड पर उतरा। वहां से वह कार द्वारा मां विंध्यवासिनी मंदिर पहुंचे। वहां पर उनका स्वागत किया गया। उसके बाद वे दर्शन पूजन करने के लिए मंदिर में चले गए। उन्होंने विंध्य कॉरिडोर का निरीक्षण भी किया। सीएम योगी आदित्यनाथ आम श्रद्धालु से भी मिले। बच्चों को दुलारा और गोद में लेकर सभी को चॉकलेट भी दी। सीएम योगी ने लालगंज के मिलिट्री ग्राउंड में दो सौ करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पणों व शिलान्यास किया। इसके साथ ही कई योजनाओं के लाभार्थियों को भी प्रमाण पत्र वितरित किया। मुख्यमंत्री ने 306 लाख रुपये से निर्मित 17 प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों का लोकार्पण किया। साथ ही 419 30 लाख रुपये से 172 विद्यालयों की चहारदीवारी के निर्माण कार्यों का शिलान्यास भी किया। इसका निर्माण एक करोड़ 85 लाख रुपये खर्च कर किया गया है। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य विभाग के पांच करोड़ 97 लाख रुपये की लागत से बने 100 आरोग्य केंद्रों का लोकार्पण भी करेंगे। इसके अतिरिक्त पंचायती राज विभाग के 58 कार्यों का लोकार्पण व 253 का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिजार्पुर में 202 करोड़ की 660 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। शिलान्यास एवं उत्कृष्ट कार्य करने वालीं 10 महिलाओं को 'विंध्य शक्ति सम्मान' एवं विभिन्न



योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व टूल किट का वितरण सीएम ने किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने कहा कि भारत महिला सशक्तिकरण में आगे बढ़ रहा है। आजादी के 70 वर्षों के बाद पहली बार लगा कि महिला भी राजनीति के एजेंडे का प्रमुख हिस्सा हैं। देश की नई संसद बनने के बाद पहले ही सत्र में देश के आधी आबादी की मांग को आगे बढ़ाया। प्रधानमंत्री के संकल्प कें स्वरूप महिलाये संसद और विधान सभा मे चुन कर जाए यह प्रधानमंत्री ने पूरा किया। क्या कोई सोच सकता था कि माँ विंध्यवासिनी धाम में इतना भव्य कॉरिडोर बनेगा। कोई सोच सकता था कि यहां मेडिकल और हर घर नल जल योजना की सुविधा मिलेगी।यहां माँ विंध्यवासिनी के नाम पर विश्वविद्यालय का निर्माण होगा। सीएम ने कहा कि मिजार्पुर में विंध्य विश्व विद्यालय का निर्माण किया जायेगा। जमीन तय करिये हम लोग यहाँ शिलान्यास करने आयेंगे। आगे कहा कि चेरो, कोल, मुसहर जो अनुसूचित जाति के है और उन्हें पीएम आवास नहीं मिला है तो उन्हें मुख्यमंत्री आवास मिलेगा। हमारी सरकार ने यह तय किया है। उत्तर प्रदेश पुलीस में पहले 10 हजार महिलायें थी। अब 40 हजार महिलाये पुलिस बल में काम कर रही है। पीएम स्वामित्व योजना में पचहत्तर लाख परिवार में जमीन की मालकिन महिलाएं बन चुकी है।

### नशे की चपेट में राज्य के युवा, मूकदर्शक बन देख रहे मुख्यमंत्री : नड्डा



तिरुवनंतपुरम। केरल सरकार की नीतियों के खिलाफ एनडीए के विरोध प्रदर्शन में बीजेपी के राष्ट्रीय जेपी नड्डा शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पिनाराई विजयन सरकार पर निशाना साधा। नड्डा ने कहा कि राज्य में युवा नशीली दवाओं के दुरुपयोग में शामिल हो रहे हैं और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विरोध-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि केरल के युवा नशीली दवाओं के दुरुपयोग में शामिल हो रहे हैं और यहां की सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि साल 2022 में 16,752 नशीली दवाओं के मामले सामने आए। यह सरकार शराब की खपत को भी बढ़ा रही है और वह अवैध शराब कारोबारियों को भी बचा रहे हैं। नड्डा ने पिनाराई विजयन सरकार पर केंद्र की योजनाओं की अनदेखी का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने केंद्र सरकार की योजना को बाधित करने की कोशिश की है। प्रधानमंत्री मोदी ने जल जीवन मिशन के लिए 70 लाख रुपये भेजे थे, लेकिन पिनाराई विजयन सरकार केवल 12 लाख लोगों को ही कनेक्शन दे पाई है।

## प्रधानमंत्री मोदी मेहसाणा पहुंचे, करोड़ों रुपयों की विभिन्न विकास परियोजनाओं का एलान

बनासकांठा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर गुजरात पहुंचे हैं। इस मौके पर वह मेहसाणा पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। अब पीएम मोदी एक सार्वजनिक सभा को संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने इस दौरान कहा कि आज और कल का दिन हमारे लिए बहुत खास है। आज यानी 30 अक्तूबर को गोविंद गुरुजी ने आजादी के लिए अपनी जान दे दी थी। उन्होंने अंग्रेजों को कड़ी टक्कर दी थी।

वहीं, 31 अक्तूबर का दिन हमारे लिए इसलिए खास है क्योंकि सरदार बल्लभभाई पटेल का जन्म हुआ था। पीएम मोदी ने आगे कहा, 31 अक्तूबर का दिन हमारे लिए इसलिए खास है क्योंकि सरदार बल्लभभाई पटेल का जन्म हुआ था। हम सरदार पटेल के प्रति अपनी सच्ची श्रद्धा व्यक्त कर रहे हैं। आने वाली पीढ़ियां सरदार पटेल की प्रतिमा को देखेंगी, लेकिन झुकेंगी नहीं, उनका सिर ऊंचा रहेगा। उन्होंने आगे कहा, गोविंद गुरुजी का पूरा जीवन भारत की आजादी और आदिवासी समुदाय की सेवा के लिए बीता। उनकी सेवा और राष्ट्रीयता इतनी प्रबल थी कि उन्होंने बलिदानों की परंपरा शुरू की और वे बलिदानों के प्रतीक



बन गए। पिछले वर्ष हमारी सरकार ने मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्तर पर विकसित किया। मेहसाणा में पीएम मोदी ने कहा, यहां आने से पहले, मुझे अंबाजी मंदिर के दर्शन करने का मौका मिला।

'गब्बर' (अंबाजी गांव के पश्चिम में एक छोटी पहाड़ी) को विकसित किया जा रहा है। मैंने कल मन की बात में इसके बारे में बात की थी। साथ ही आज 6000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की घोषणा की है। ये परियोजनाएं किसानों को मजबूत करेंगी। इनसे पूरे देश से कनेक्टिविटी बनेगी। इन परियोजनाओं से मेहसाणा के आसपास के सभी जिले लाभान्वित होंगे। इससे पहले बनासकांठा में पीएम मोदी ने एक रोड शो किया। उसके बाद उन्होंने अंबाजी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनके साथ राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि मां अंबा के दर्शन करने के बाद पीएम मेहसाणा में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने पहुंचे हैं। इसके अलावा, प्रधानमंत्री केवड़िया भी जाएंगे, जहां वह स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इसके अलावा यहां राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह भी मनाया जाएगा। इसके बाद पीएम आरंभ 5.0 में 98वें कॉमन फाउंडेशन कोर्स के अधिकारी प्रशिक्षुओं को संबोधित करेंगे।

## बदायूं में दर्दनाक हादसाः स्कूल बस-वैन की जोरदार भिड़ंत, चार बच्चों समेत पांच की मौत, कई घायल

बदायूं। उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के म्याऊं थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें स्कूल बस ड्राइवर और चार बच्चों की मौत हो गई। हादसे में 15 से अधिक बच्चे घायल बताए गए हैं। कई बच्चों की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों की संख्या की बढ़ सकती है। प्रारंभिक सूचना के मुताबिक, हादसा बच्चों को लेकर जा रही स्कूल बस और स्कूल वैन की टक्कर होने की वजह से हुआ है। जानकारी मिलते ही डीएम मनोज कुमार और एसएसपी डॉ. ओपी सिंह प्रशासनिक अमले के साथ घटनास्थल पहुंच गए। डीएम ने बताया कि म्याऊं थाना क्षेत्र में स्कूल बस और वैन की टक्कर हुई है। हादसे में अभी बस चालक और चार छात्रों की मौत की पुष्टि हुई है। 16 छात्र घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल बच्चों के बेहतर उपचार के लिए चिकित्सकों को निर्देश दिए



गए हैं। वहीं, एक छात्रा को भी मृत घोषित कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक जवाहर नगला म्याऊं उसावां मार्ग स्थित सत्यदेव विद्या पीठ इंटर कॉलेज की बस और एसआर पब्लिक स्कूल गौतरा की वैन गांवों से बच्चों को लेकर जा रही थी। नवीगंज के पास स्कूल बस और वैन की तेज टक्कर हो गई। हादसा होते ही घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल बच्चों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में स्कूल बस चालक ओमेंद्र निवासी गांव लाभारी और चार बच्चों को मृत घोषित कर दिया गया है। मृतक बच्चों में एक छात्र बस चालक का बेटा था। जानकारी मिलते ही मृतक बच्चों के परिजन अस्पताल पहुंच गए। मासूम के शवों को देखकर चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस दर्दनाक हादसे ने हर किसी का दिल झकझोर दिया है।

## 'छुड़ाने की हरसंभव कोशिश करेंगे', कतर में बंद भारतीयों के परिवार से मिलकर बोले जयशंकर

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को कतर में मौत की सजा पाने वाले आठ भारतीयों के परिवारवालों से मुलाकात की। गौरतलब है कि नौसेना के आठ पूर्व कर्मी लंबे समय से कतर की जेल में बंद हैं। हाल ही में कतर की एक अदालत ने उन्हें मौत की सजा सुनाई है। जयशंकर ने पूर्व नौसैनिकों के परिवार से मुलाकात के दौरान कहा कि उनकी सरकार भारतीयों को वापस लाने की हरसंभव कोशिश कर रही है। विदेश मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "आज सुबह ही कतर में बंद आठ भारतीयों के परिवारवालों से मुलाकात की। उन्हें बताया कि सरकार इस मामले को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दे रही है। हम उनके परिवारों की चिंता और दर्द साझा करते हैं।" जयशंकर ने आगे कहा, "हमने स्पष्ट किया कि सरकार उन्हें छुड़ाने के लिए सबकुछ कर रही है। हम इस मामले में परिवारों से संपर्क में रहना जारी रखेंगे। निजी कंपनी अल दहरा के साथ काम करने वाले इन भारतीय नागरिकों को कथित तौर पर जासूसी के एक मामले में पिछले साल अगस्त में गिरफ्तार किया गया था। कतर की



तरफ से अब तक उन पर लगे आरोपों का खुलासा नहीं किया गया है। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स में दावा हुआ है कि इन लोगों को जासूसी करने के आरोप में पकड़ा गया। कतर कोर्ट के इस फैसले पर भारत ने नाराजगी जताते हुए इसे गहरा झटका बताया था और मामले में सभी कानूनी तरीके आजमाने की बात कही थी।

## आजम खां के करीबियों पर आयकर छापे में खुलासा बनाने थे सरकारी भवन, चमकाते रहे जौहर विवि

लखनऊ। रामपुर में जौहर विश्वविद्यालय के पीछे स्थित झील के सुंदरीकरण और पिकनिक स्पॉट को विकसित करने के लिए सरकारी विभाग ने टेंडर जारी किया। यह काम पूर्व मंत्री आजम खां के करीबी ठेकेदार को मिला, जिसने सरकारी काम करने के बजाय अधिकांश बजट जौहर विवि के निर्माण कार्य में खर्च कर दिया। नतीजतन सरकारी काम अधूरा पड़ा रहा और जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे रहे। आजम के करीबी ठेकेदारों के ठिकानों पर मारे गये आयकर छापों में इस तरह की तमाम वित्तीय अनियमितताओं का पता चला है। अधिकारियों को शक है ठेकेदारों से आजम ने सरकारी काम दिलाने के एवज में वसूली की थी। जौहर विवि में विधायक एवं सांसद निधि के इस्तेमाल में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां मिली हैं। सूत्रों की मानें तो निधि के काम कराने वाले छह ठेकेदार आयकर विभाग के निशाने पर आ चुके हैं। इन सभी को



पूछताछ के लिए नोटिस देकर तलब किया जाएगा। वहीं, जल निगम, पीडब्ल्यूडी और ग्राम्य विकास विभाग के जिन ठेकेदारों के ठिकानों पर छापा मारा गया है, वहां से मिले दस्तावेजों के आधार पर संबंधित विभागों के अधिकारियों पर भी शिकंजा कसने की तैयारी है। दरअसल छापों के दौरान जब उनसे निर्माण कार्य अधूरे होने और बैंक खातों से एकमुश्त लाखों रुपये नकद निकालने के बारे में पूछा गया तो वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। लखनऊ में आजम के पांच करीबी भी आयकर विभाग के रडार पर आ चुके हैं। इनमें गोमतीनगर के विवेक खंड निवासी आर्किटेक्ट अहमद हारुन के अलावा निसार अहमद, समरीन अहमद, इंदिरानगर निवासी सीमा नदीम, डालीबाग निवासी आफाक अहमद शामिल हैं। आफाक अहमद जल निगम में आजम के ओएसडी रह चुके हैं और कई वर्षो से अमेरिका जाकर बस गए हैं। जल निगम भर्ती घोटाले की जांच कर रही एसआईटी ने उनका आवास दो साल पहले कुर्क भी कर लिया था। अब आयकर विभाग उनकी और परिजनों की बाकी संपत्तियों को तलाश रहा है।

## जिसने स्टेडियम बनाया वो अगड़े, जिसने कुछ नहीं कराया वह पिछड़ा : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को 'पीडीए' साइकिल यात्रा शुरू करने से पहले आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि हमने इतना शानदार स्टेडियम बनवाया, इसलिए हम अगड़े हैं और जिसने कुछ नहीं कराया, वह पिछड़ा है। उन्होंने कहा कि पीजीआइ में पूर्व सांसद के बेटे की मौत के लिए डॉक्टर और स्टाफ जिम्मेदार नहीं है, बल्कि स्वयं मुख्यमंत्री व डबल इंजन की सरकार जिम्मेदार है, क्योंकि उन्होंने बजट ही नहीं दिया। अखिलेश ने सोमवार को 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) में ए को विस्तार दिया। कहा कि ए का मतलब है- अल्पसंख्यक, अगड़े, आदिवासी और आधी आबादी। रविवार को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में भारत व इंग्लैंड के बीच हो रहे विश्व कप क्रिकेट मैच देखने गए सपा अध्यक्ष ने यहां भी सियासी दांव चला। भारतीय टीम की बल्लेबाजी देखने के बाद बाहर आए सपा मुखिया ने पत्रकारों से कहा कि इंडिया ही जीतेगी और आगे भी इंडिया जीतेगा। उनका



इशारा वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन 'आइएनडीआइए' की तरफ था। बता दें 'PDA' यात्रा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से शुरू होकर जनेश्वर मिश्र पार्क तक आएगी। अखिलेश इस यात्रा के जरिए अपने पीडीए फामूर्ले और जातीय जनगणना के मुद्दे पर जनता का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट से मनीष सिसोदिया को झटका शराब घोटाला केस में जमानत याचिका खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धन शोधन मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज करते हुए ट्रायल कोर्ट को छह से आठ महीने में सुनवाई पूरी करने के निर्देश दिए। कोर्ट ने नियमित जमानत की अपीलें यह कहकर खारिज कर दी कि मामले में अस्थायी तौर पर 338 करोड़ रुपये के हस्तांतरण की पुष्टि हुई है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि उसने जांच एजेंसियों के बयान को रिकॉर्ड किया है कि इन मामलों में सुनवाई छह से आठ महीने में पूरी हो जाएगी। पीठ ने कहा कि अगर सुनवाई की कार्यवाही में देरी होती है तो सिसोदिया तीन महीने में इन मामलों में जमानत के लिए आवेदन कर सकते हैं। पीठ ने कहा, विश्लेषण में कुछ ऐसे पहलू हैं, जिन्हें हमने संदिग्ध बताया है। लेकिन 338 करोड़ रुपये के धन हस्तांतरण के संबंध में एक पहलू की अस्थायी रूप से पुष्टि हुई है। इसलिए हमने जमानत की अर्जी खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति खन्ना ने फैसला सुनाते हुए कहा,



उन्होंने (जांच एजेंसियों ने) कहा है कि सुनवाई छह से आठ महीने में पूरी हो जाएगी। इसलिए तीन महीने के भीतर अगर मुकदमे की कार्यवाही में लापरवाही या देरी होती है, तो वह (सिसोदिया) जमानत के लिए आवेदन दायर करने के हकदार होंगे। पीठ ने कहा कि फैसले में उन दलीलों और कुछ कानूनी सवालों का जिक्र किया गया है, जिनका जवाब नहीं मिला। जस्टिस खन्ना ने कहा, उनमें से अधिकांश का उत्तर नहीं दिया गया है और अगर उनका उत्तर दिया भी गया है तो बेहद सीमित तरीके से दिया गया है। इससे पहले, 17 अक्तूबर को जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भाटी की पीठ ने सीबीआई और ईडी की ओर से पेश उनके वकील अभिषेक सिंघवी और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू को सुनने के बाद सिसोदिया की दो अलग-अलग जमानत याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रखा था। बता दें कि सिसोदिया को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दोनों द्वारा जांच की जा रही उत्पाद नीति मामलों में गिरफ्तार किया गया था। इसके पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होंने फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। जांच एजेंसियों (ईडी और सीबीआई) की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने अदालत को बताया था कि मुकदमा 9 से 12 महीने के भीतर समाप्त हो सकता है। मामले में 294 गवाह और हजारों दस्तावेज पेश किए गए हैं। बता दें कि सिसोदिया को 26 फरवरी को 'घोटाले' में उनकी कथित भूमिका के लिए सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। तब से वह हिरासत में हैं। ईडी ने तिहाड़ जेल में उनसे पूछताछ के बाद 9 मार्च को सीबीआई की एफआईआर से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

## जम्मू कश्मीर में फिर टारगेट किलिंग,आतंकियों ने नौपुरा पुलवामा में की यूपी के मजदूर की हत्या

श्रीनगर। दक्षिण कश्मीर के नौपुरा पुलवामा में सोमवार को आतंकियों ने एक श्रमिक की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आतंकी फरार होने में कामयाब रहे। पुलिस ने सीआरपीएफ और सेना के जवानों के साथ मिलकर वारदात स्थल और उसके आस-पास के इलाकों की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया है। बीते चौबीस घंटों के दौरान कश्मीर में यह दूसरी आतंकी घटना है। इससे पूर्व रविवार को श्रीनगर के ईदगाह मैदान में एक पुलिस इंस्पेक्टर आतंकी हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलवामा से मिली जानकारी के अनुसार, नौपुरा के साथ सटे टुमची में आज दोपहर करीब सवा बारह बजे स्थानीय लोगों ने गोली चलने की आवाज सुनी। इस पर ग्रामीण जैसे ही उस जगह पहुंचे। जहां से गोली की आवाज आयी थी तो उन्होंने वहां एक युवक को मृतावस्था में देखा। उसके शरीर से खून बह रहा था। इस बीच, पुलिस और अर्धसैनिकबलों का एक दस्ता भी मौके पर पहुंच गया। उन्होंने आवश्यक कानूनी औपचारिकताओं को पूरा कर तुरंत उसे अस्पताल पहुचांया,जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दिवंगत की



पहचान मुकेश कुमार के रूप में हुई है। वह उत्तर प्रदेश का रहने वाला है और बीते कुछ समय से पुलवामा में रोजी रोटी कमाने के लिए बतौर श्रमिक काम कर रहा था। संबधित अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल से कुछ अहम सुराग जुटाए गए हैं और मारे गए श्रमिक के साथियों से भी पूछताछ की गई है।

## संपादकीय

### साख पर सवाल और भ्रष्टाचार के खिलाफ केंद्रीय एजंसियों की सक्रियता

भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की कोशिशों पर शायद ही किसी को एतराज हो, मगर पिछले कुछ वर्षों से आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय जांच ब्यूरो जिस ढंग से सक्रिय नजर आ रहे हैं, उसे लेकर उनकी साख पर सवाल खड़े हो गए हैं। विपक्षी दल लगातार आरोप लगा रहे हैं कि ये एजंसियां केंद्र सरकार के इशारे पर बदले की भावना और नाहक परेशान करने की नीयत से कार्रवाई कर रही हैं। इसकी शिकायत सर्वोच्च न्यायालय में भी की गई थी, मगर उसने इनकी कार्रवाइयों पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू है, मगर उनमें भी इन केंद्रीय एजंसियों की छापेमारी और राजनेताओं, उनके रिश्तेदारों आदि से पूछताछ चल रही है। राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के करीबी लोगों के घरों पर छापेमारी हुई तो उन्होंने इन एजंसियों को लेकर बहुत तल्ख और आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। उनकी भाषा पर एतराज जताते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया, तो उन्होंने न तो उसके लिए किसी तरह का अफसोस जाहिर किया और न अपने बयान को अनुचित माना। उन्होंने कहा कि जब एक मुख्यमंत्री को इस तरह परेशान किया जाएगा, तो उसकी भाषा ऐसी ही निकलेगी। हालांकि एक जिम्मेदार पद का निर्वाह कर रहे व्यक्ति से इस तरह की असावधान भाषा की अपेक्षा नहीं की जाती। केंद्रीय जांच एजंसियों की कार्रवाई के समय और व्यक्तियों के चुनाव को लेकर हमेशा सवाल उठते रहे हैं। यह सवाल बार-बार पूछा जाता है कि ये एजंसियां उन्हीं नेताओं के खिलाफ कार्रवाई क्यों करती हैं, जो केंद्र के विपक्ष में हैं और सत्तापक्ष के खिलाफ बोलते रहते हैं। फिर यह भी कि जब भी किसी राज्य में चुनाव होना होता है, वहीं क्यों अधिक छापेमारी की जाती या पुराने मामलों की फाइलें खोल कर जांच शुरू कर दी जाती है। विपक्षी दल उन नेताओं के नामों की सूची भी बार-बार दोहराते रहते हैं, जिनके खिलाफ केंद्रीय एजंसियों के पास भ्रष्टाचार से जुड़े मामले दर्ज हैं, मगर उनके सत्तापक्ष में चले जाने के बाद उनके खिलाफ जांच रोक दी गई हैं। फिर यह भी तथ्य बार-बार दोहराया जाता है कि इन एजंसियों की कार्रवाई में तो तेजी आई है, मगर वास्तव में दोष सिद्धि नगण्य हुई है। इससे यही जाहिर होता है कि इन एजंसियों की कार्रवाई के पीछे मंशा केवल विपक्षी नेताओं और उनके करीबियों को परेशान करने की होती है। हालांकि जब भी किसी के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगते हैं, तो वह खुद को पाक-साफ ही बताता है, मगर पिछले कुछ सालों में ऐसे मामलों को लेकर आमजन में एक तरह का सामान्य स्वीकार भाव पैदा हो गया है। विपक्षी दलों के हर छापे या पूछताछ को राजनीति से प्रेरित बताते रहने से लोगों में यह धारणा गाढ़ी होती देखी जा रही है कि केंद्रीय जांच एजंसियों का मकसद भ्रष्टाचार रोकने के बजाय कुछ और ही है। यह बहुत चिंताजनक संकेत है। जब लोगों में भ्रष्टाचार के प्रति सहज स्वीकार का भाव पैदा होगा, तो ऐसे आचरण पर नकेल कसना और मुश्किल होता जाएगा। कुछ मामलों में सर्वोच्च न्यायालय और दिल्ली उच्च न्यायालय भी प्रवर्तन निदेशालय के गिरफ्तारियों आदि से जुड़े अधिकारों की स्पष्ट व्याख्या करते हुए उसे मयार्दा में रह कर काम करने को कह चुके हैं। केंद्रीय जांच एजंसियों पर आमजन का भरोसा अब भी बहुत कमजोर नहीं हुआ है, देखने की बात है कि वे खुद इस भरोसे को कैसे और कितना कायम रख पाती हैं।

### बन रही ना पैठ !



जो बातें हैं गलत ।
हो उनका विरोध ।।
करके सोच छोटी ।
है आता अवरोध ।।
कर रहा ये वोट बैंक ।
सबका ही नुकसान ।।
ध्यान सही का रख कर ही ।
है हटता व्यवधान ।।
है करना मूल्यांकन ।
मिल रही जो हार ।।
किससे कब कब क्या ?
है किया करार ।।
दिल में लगता आजकल ।
बन रही ना पैठ ।।
दूसरा पर कैसे ।
कर लिया घुसपैठ ।।

–कृष्णोन्द्र राय

# बन्दूक-संस्कृति से लगातार दागदार हो रही है अमेरिका की छवि

**ललित गर्ग**

दुनिया में स्वयं को सभ्य एवं स्वयंभू मानने वाले अमरीका में बढ़ रही बंदूक संस्कृति के साथ-साथ लोगों में बढ़ रही असहिष्णुता, हिंसक मनोवृत्ति और आसानी से हथियारों की सहज उपलब्धता का दुष्परिणाम बार-बार होने वाली दुखद घटनाओं के रूप में सामने आना चिन्ताजनक है। अमेरिका में एक हत्यारे ने गोलियां बरसाकर करीब 21 लोगों को मौत की नींद सुला दिया और कई को जख्मी कर दिया है। तीन स्थानों पर गोलीबारी करने के बाद हत्यारा घटनास्थल से भागने में सफल हुआ है। आश्चर्यकारी है कि दुनिया की सबसे दुरस्त एवं सक्षम अमेरिकी पुलिस एक हत्यारे को पकड़ने में इतनी लाचार हो गई कि उसे सहयोग के लिए आम लोगों से अपील करनी पड़ी। हिंसा की बोली बोलने वाला, हिंसा की जमीन में खाद एवं पानी देने वाला, दुनिया में हथियारों की आंधी लाने वाला अमेरिका अब खुद हिंसा का शिकार हो रहा है। अमेरिका की आधुनिक सभ्यता की सबसे बड़ी मुश्किल यही रही है कि यहां हिंसा इतनी सहज बन गयी है कि हर बात का जवाब सिर्फ हिंसा की भाषा में ही दिया जाने लगा। वहां हिंसा का परिवेश इतना मजबूत हो गया है कि वहां की बन्दूक-संस्कृति से वहां के लोग अपने ही घर में बहुत असुरक्षित हो गए थे। अमेरिका को अपनी बिगड़ती छवि के प्रति सजग होना चाहिए क्योंकि यह एक बदनुमा दाग है जो उसकी अन्तर्राष्ट्रीय छवि को आघात लगा रहा है।

दुनिया में बंदूक की संस्कृति को बल देने वाले अमेरिका के लिये अब यह खुद के लिये एक बड़ी समस्या बन चुकी हैं। अमेरिका घृणा, अपराध, हिंसा और बंदूक संस्कृति के गढ़ के रूप में पहचान बना रहा है। किसी सिख या किसी मुस्लिम बच्चे की हत्या हो या किसी अश्वेत पर बर्बरता, अमेरिका की स्थिति लगातार निंदनीय, डरावनी एवं असंतुलित होती जा रही है। कोई भी सामान्य-सा दिखने वाला आदमी हथियार लेकर आता है और अनेक लोगों की जान ले लेता है। नवीनतम घटना 25 अक्तूबर को देर रात एंड्रोस्कोगिन काऊंटी के अंतर्गत पडने वाले लेविस्टन में हुई, इस हादसे का सबसे खराब पहलू यह है कि अनेक लोग भगदड़ की वजह से घायल हुए तो अनेक हत्यारे की गोलियों से गहरी नींद सो गये हैं। नरसंहार के कथित आरोपी 40 वर्षीय रॉबर्ट कार्ड को पुलिस ने हथियारबंद और खतरनाक व्यक्ति माना है, पर सवाल है कि क्या वह रातों-रात हत्यारा एवं हिंसक हुआ है? हत्यारा रॉबर्ट कार्ड अमेरिकी सेना से जुड़ा रहा है और आग्नेयास्त्र प्रशिक्षक है। मानसिक अस्वस्थता एवं मनो विकारों से ग्रस्त हत्यारे के खिलाफ अनेक शिकायतें पहले भी मिल चुकी थी, प्रश्न है कि उन्हें क्यों नहीं गंभीरता से लिया गया। अमेरिका में आए दिन ऐसी खबरें आती रही कि किसी सिरफिरे ने अपनी बंदूक से कहीं स्कूल में तो कभी बाजार में अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और उसमें नाहक ही लोग मारे गए। अब तो अमेरिकी बच्चों के हाथों में भी बन्दूकें हैं। इसके पीछे एक बड़ा कारण वहां आम लोगों के लिए हर तरह के बंदूकों की सहज उपलब्धता है और इन बन्दूकों का उपयोग मामूली बातों और उन्मादग्रस्त होने पर अंधाधुंध गोलीबारी में होता रहा है, जो गहरी चिन्ता का कारण बनता रहा। आम जन-जीवन में किसी सिरफिरे व्यक्ति की सनक से किसी बड़ी अनहोनी का अन्देशा



हमेशा वहां बना रहता है, वहां की आस्थाएं एवं निष्ठाएं इतनी जख्मी हो गयी कि विश्वास जैसा सुरक्षा-कवच मनुष्य-मनुष्य के बीच रहा ही नहीं। साफ चेहरों के भीतर कौन कितना बदसूरत एवं उन्मादी मन समेटे है, कहना कठिन है। अमेरिका की हथियारों की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। अब तो दुनिया के साथ-साथ अमेरिका स्वयं ही इन हथियारों एवं हिंसक मानसिकता का शिकार है। दरअसल, अमेरिका अपने यहां नफरत, मानसिक असंतुलन, विद्रोह एवं असंतोष रोकने के अभियान में नाकाम हो रहा है। एफबीआई की वार्षिक अपराध रिपोर्ट रेखांकित करती है कि बंदूक संस्कृति एवं इससे जुड़ी हिंसा बहुत व्यापक हो गई है। पिछले साल अमेरिका में लगभग पांच लाख हिंसक अपराधों में बंदूकों का इस्तेमाल किया गया था। वर्ष 2020 में बंदूक संस्कृति अमेरिकी बच्चों की मौत का मुख्य कारण बन गई और 2022 में हालात और बदतर हो गए। जान गंवाने वाले बच्चों की संख्या 12 प्रतिशत बढ़ गई। इन हालातों में अमेरिका किस तरह दुनिया का आदर्श बन सकता है। जबकि दुनिया अमेरिकी संस्कृति का अनुसरण करती है, वहीं अमेरिका तमाम देशों की सामाजिक व मानवाधिकार रिपोर्ट जारी करता है। अमेरिका अगर अपनी कथनी-करनी का भेद मिटाने की ओर बढ़े, तो उसके साथ-साथ दुनिया को ज्यादा फायदा होगा।

राजनीतिक प्रेक्षकों के अनुसार अमेरिका में बंदूक संस्कृति बढ़ाने में वहां की नकारात्मक राजनीति की बड़ी भूमिका है। आम जनता तो हथियारों पर अंकुश लगाने के पक्ष में है परंतु अपने निहित स्वार्थों के कारण अमरीका में हथियारों को बढ़ावा देने वाली वहां की सशक्त हथियार लॉबी और राजनीति से जुड़े लोग इस पर अंकुश नहीं लगने देते। जब भी बंदूक संस्कृति पर नियंत्रण करने की बात उठती है तो हथियार रखने के संवैधानिक अधिकार की कट्टर समर्थक मानी जाने वाली रिपब्लिकन पार्टी के नेता और उनके समर्थक इसके विरोध में उतर आते हैं जिनके सामने डेमोक्रेटिक पार्टी बेबस होकर रह जाती है। पिछले साल जून में भारी तादाद में लोगों ने सड़कों पर उतर कर बंदूकों की खरीद-बिक्री से संबंधित कानून को बदलने की मांग की। जरूरत इस बात की है कि इस समस्या के पीड़ितों को राहत देने के साथ-साथ बंदूकों के खरीददार से लेकर इसके निमार्ताओं और बेचने वालों पर भी सख्त कानून के दायरे में लाया जाए। विडम्बना देखिये कि अमेरिका दुनिया का सबसे अधिक शक्तिशाली और सुरक्षित देश है लेकिन उसके नागरिक सबसे अधिक असुरक्षित और भयभीत नागरिक हैं। वहां की जेलों में आज जितने कैदी हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं। ऐसे कई वाकये हो चुके हैं कि किसी रेस्तरां, होटल या फिर जमावड़े पर अचानक किसी सिरफिरे ने गोलीबारी शुरू कर दी और बड़ी तादाद में लोग मारे गए। खुद सरकार की ओर से कराए गए एक अध्ययन में यह तथ्य सामने आया था कि अमेरिका में सत्रह साल से कम उम्र के करीब तेरह सौ बच्चे हर साल बंदूक से घायल होते हैं। अमेरिकी प्रशासन को बंदूक संस्कृति ही नहीं बल्कि हथियार संस्कृति पर भी अंकुश लगाना होगा, अब तो दुनिया को जीने लायक बनाने में उसे अपनी मानसिकता को बदलना होगा।

# सांस्कृतिक पुनर्जागरण का वातावरण संपूर्ण भारतवर्ष में दिखायी देने लगा है

**लोकेन्द्र सिंह राजपूत**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की परंपरा में विजयादशमी के उत्सव पर सरसंघचालक के उद्बोधन का विशेष महत्व है। विजयादशमी हिन्दुओं का बड़ा सामाजिक उत्सव होने के साथ ही संघ की स्थापना का उत्सव भी है। इस उत्सव में सरसंघचालक जी का जो उद्बोधन होता है, उसमें स्वयंसेवकों के लिए पाथेय रहता है। इसके साथ ही उनके भाषण में समसामयिक मुद्दों को लेकर समाज की सज्जन शक्ति के लिए भी संदेश रहता है। चूँकि आज संघ पर सबकी निगाहें रहती हैं और विभिन्न विषयों को लेकर संघ के दृष्टिकोण को जानने की भी अपेक्षा रहती है, इसलिए भी विजयादशमी पर होने वाले सरसंघचालक के उद्बोधन को लेकर सबको विशेष उत्सुकता रहती है। सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी ने अपने उद्बोधन में सब प्रकार की बातों को ध्यान रखा। उन सब मुद्दों पर संघ का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया, जिन पर देशभर में चर्चाएं चल रही हैं। विजय का पर्व है, इसलिए देशवासियों के मन में उत्साह का संचार हो इसलिए उन्होंने अपने उद्बोधन की शुरूआत भारत की उपलब्धियों के साथ ही की। वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती, छत्रपति शिवाजी महाराज के हिन्दवी स्वराज्य की स्थापना के 350वें वर्ष, छत्रपति शाहू जी महाराज की 150वीं जयंती और संत श्रीमद् रामलिंग वल्ललार की 200वीं जयंती का उल्लेख करके उन्होंने यही संदेश दिया है कि अमृतकाल में जब हम भारत के स्व के जागरण का उपक्रम कर रहे हैं, तब हमें ऐसी महान विभूतियों के जीवन से अवश्य ही प्रेरणा लेनी चाहिए। एक सामर्थ्यशाली राष्ट्र के निर्माण के लिए व्यवहार से लेकर व्यवसाय में और व्यक्ति से लेकर राष्ट्र की नीति में, स्व दिखना चाहिए।

देश एक करवट ले रहा है। सांस्कृतिक पुनर्जागरण का एक वातावरण भारत में दिखायी देने लगा है। अमृतकाल को अवसर मानकर एक बार फिर भारत अपने स्व की ओर बढ़ रहा है। विश्व पटल पर भी अब भारत अपने स्व के साथ अभिव्यक्त हो रहा है। इसके प्रमाण स्वरूप सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी ने जी-20 समूह पर भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों की छाप को उल्लेखित किया। यह तो स्पष्ट ही दिखायी देता है कि भारत की अध्यक्षता में विश्व के सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों के समूह का दृष्टिकोण ही बदल गया। यह समूह अब तक अर्थ को केंद्र में रखकर दुनिया का विचार करता था, लेकिन अब इसका केंद्र बिन्दु मानव हो गया है। निःसंदेह, सरसंघचालक जी ने ठीक ही कहा कि भारत के विशिष्ट विचार एवं दृष्टि के कारण संपूर्ण विश्व के चिंतन में वसुधैव कुटुम्बकम् की दिशा जुड़ गई। जी-20 का अर्थकेन्द्रित विचार अब मानव केन्द्रित हो गया। जी-20 समूह की अध्यक्षता की ऐतिहासिक घटना का उल्लेख उन्होंने संभवतः इसलिए भी किया होगा, ताकि हम भारत के बढ़ते सामर्थ्य एवं गौरव की अनुभूति कराने वाली इस घटना को भूल न जाएं।

देश की प्रगति को बाधित करने के प्रयत्नों में लगी शक्तियों की ओर भी समाज की सज्जनशक्ति का ध्यान आकर्षित कराने का प्रयास सरसंघचालक जी ने किया। उनके द्वारा उठाए गए ये प्रश्न विचारणीय हैं कि लगभग एक दशक से शांत मणिपुर में अचानक यह आपसी फूट की आग कैसे लग गई? क्या हिंसा करने वाले लोगों में सीमापार के अतिवादी भी थे? अपने अस्तित्व एवं भविष्य के प्रति आशंकित मणिपुरी मैतेयी समाज और कुकी समाज के इस आपसी संघर्ष को सांप्रदायिक रूप देने का प्रयास क्यों और किसके द्वारा हुआ? वर्षों से वहाँ पर सबकी समदृष्टि से सेवा करने में लगे संघ जैसे संगठन को बिना कारण इसमें घसीटने का प्रयास करने में किसका निहित स्वार्थ है? इस सीमा क्षेत्र में नागाभूमि व मिजोरम के बीच स्थित मणिपुर में ऐसी अशांति व अस्थिरता का लाभ प्राप्त करने में किन विदेशी सत्ताओं को रुचि हो सकती है? क्या इन घटनाओं का कारण परंपराओं में दक्षिण पूर्व एशिया की भू-राजनीति की भी कोई भूमिका है? देश में मजबूत सरकार के होते हुए भी यह हिंसा किन के बलबूते इतने दिन बेरोकटोक चलती रही है? गत 9 वर्षों से चल रही शान्ति की स्थिति को बरकरार रखना चाहने वाली राज्य सरकार होकर भी यह हिंसा क्यों भड़की और चलती रही?

## इंडियन लीगल प्रोफेशनल एसोसिएशन द्वारा प्रथम राज्य अधिवेशन का आयोजन



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। इंडियन लीगल प्रोफेशनल एसोसिएशन द्वारा 30 अक्टूबर सोमवार कों कचहरी स्थित शास्त्री घाट पर प्रथम राज्य अधिवेशन उत्तर प्रदेश का किया गया आयोजन` अधिवेशन की अध्यक्षता वामन मेश्राम राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारत मुक्ति मोर्चा, नई दिल्ली व उदघाटक सीनियर एड. प्रभात सिंह चौहान अध्यक्ष पद, प्रत्याशी सेंट्रल बार एसोसिएशन बाराणसी, मुख्य अतिथी के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता मोहन सिंह यादव पूर्व अध्यक्ष, बनारस बार एसोसिएशन वाराणसी रहे।

वक्तागण - एड. रामराज अशोक उत्तर प्रदेश ), एड.ओ पी निगम (JLPN), एड. अनुपम पटेल (मपुर मंडल LA), एड. सुशील शास्त्री प्रवेश प्रभारी उत्तर प्रदेश), एड. ओपी निगम (जिला अध्यक्ष अंबेडकर नगर ILPA)`

1 - मेरी राय में प्रजातंत्र की सफलता के लिए पूर्व सुनिश्चित एक और शर्त है और वह है कानून और प्रशासन के संदर्भ में सबके प्रति समानता डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर द्वारा 22 दिसम्बर 1952 को पूना लॉ लाइब्रेरी में दिया गया वक्तव्य एक चर्चा`

2- मत देना इसका अर्थ ही यही होता है कि वह विचार अभिव्यक्ति की एक कृति है इसलिए मतदाताओं का विश्वास प्राप्ति हेतु ईवीएम मशीन के साथ VVPAT जोड़ना आवश्यक है सुप्रीम कोर्ट का 8 अक्टूबर 2013 का फैसला`

3- जनता के मौलिक अधिकारों की सुरक्षा हेतु वकीलों का राष्ट्रव्यापी संगठन बनाना आवश्यक है एक चर्चा`

4- मूलनिवासी बहुजनों के आजादी के लिए वकीलों का देशव्यापी संगठन बनाना पूर्व शर्त हैं`

5. वकीलों का राष्ट्रव्यापी संगठन बनाए बगैर संविधान तथा मौलिक अधिकारों का संरक्षण नहीं हो सकता`

इंडियन लीगल प्रोफेशनल एसोसिएशन के प्रथम राज्य अधिवेशन उत्तर प्रदेश में इसके अलग-अलग जिलों से सैकड़ो की संख्या में अधिवक्ता पदाधिकारी कार्यकर्ता समर्थक उपस्थित रहे और समाज के दबे कुचले हर एक व्यक्ति को न्याय मिलना चाहिए ऐसा बाबा साहब का सपना पूरा करने के लिए संकल्प हुए।

# समारोह पूर्वक मना साहित्य चेतना समाज का 38वां स्थापना दिवस

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। साहित्य चेतना समाज का 38वाँ स्थापना दिवस रविवार की शाम नगर के महुआबाग स्थित 'कान्हा हवेली' में समारोहपूर्वक मनाया गया।समारोह के मुख्य अतिथि पूरे विश्व में भ्रमण कर भगवद्गीता के संदेश के प्रचार-प्रसार में संलग्न गुरुकुल फाउण्डेशन मिशिगन, अमेरिका के संस्थापक योगी आनन्द जी थे।अध्यक्षता लखेश्वर ब्रह्म आयुर्वेद ट्रस्ट सोनहरिया के संस्थापक यूश जी महाराज ने की।अतिथियों का स्वागत संस्था के अध्यक्ष डॉ.रविनन्दन वर्मा व सचिव हीरा राम गुप्ता ने किया।संचालन संस्थापक अमरनाथ तिवारी अमर ने किया। समारोह का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन से हुआ। संगीत शिक्षिका माया नायर ने सरस्वती वंदना की। संस्था की



मऊ इकाई के अध्यक्ष बालकृष्ण ठरड ने संस्था की 38वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डाला।समारोह में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी के संगीत संकाय के डॉ.विजय कपूर को संस्था द्वारा 'चेतना सम्मान' से सम्मानित किया गया।डॉ.विजय कपूर एवं उनकी टीम ने सांगितिक प्रस्तुति कर सभी को रससिक्त कर दिया।उनके सुर, लय व ताल पर लोग करतल ध्वनि करने को विवश हो गये। योगी आनन्द ने संस्था को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बिना किसी शासकीय वित्तीय सहायता के संस्था विगत 38वर्षों से साहित्य, संस्कृति व समाज की सेवा का कार्य कर रही है,वह सराहनीय व अनुकरणीय है। युश जी महाराज ने संस्था की गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्थान-स्थान पर यदि ऐसी संस्थाएं सक्रिय हो जाएं तो समाज का काफी भला हो सकता है। समारोह में प्रमुख रूप से अक्षय दूबे,डॉ.सानन्द सिंह, दिलीप आर्य, राजू उपाध्याय, डॉ.पारसनाथ सिंह, डॉ.अक्षय पाण्डेय, संजीव सिंह, प्रो.अमरनाथ राय,अमिताभ अनिल दूबे, डॉ.व्यासमुनि राय, विनोद उपाध्याय, राजेश्वर सिंह, हर्षित श्रीवास्तव, शशिकांत राय, किरनबाला राय, रागिनी त्रिपाठी, दौलत गुप्ता, खालिद अमीर, बादशाह राही आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।अंत में धन्यवाद ज्ञापन संस्था के संगठन सचिव प्रभाकर त्रिपाठी ने किया।

## 15 नवंबर को होगा श्री चित्रगुप्त पूजन समारोह, मंदिर पर होगा भव्य आयोजन



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। श्री चित्रगुप्त वंशीय सभा ददरी घाट के तत्वाधान में संस्था के कार्यकारिणी सदस्यों की एक विशेष बैठक संस्था के ददरी घाट, गाजीपुर स्थित कार्यालय पर संपन्न हुई। इसमें आगामी 15 नवंबर को भैया दूज के दिन श्री चित्रगुप्त भगवान का वार्षिक पूजनोत्सव और परंपरागत तरीके से मनाए जाने वाले सार्वजनिक श्री चित्रगुप्त पूजन समारोह को स्थानीय मंदिर परिसर में मनाए जाने पर विचार विमर्श कर तय हुआ कि इस बार की भी पूजा भव्य तरीके से की जाएगी। जिसमें प्रत्येक वर्ष की भांति पूजा अर्चना के उपरांत प्रसाद वितरण एवं राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी आनंद शंकर श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव, प्रमोद सिन्हा, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, विभोर श्रीवास्तव , भूपेंद्र श्रीवास्तव , संतोष श्रीवास्तव ,प्यारे मोहन, मनोज उर्फ राजू , आनंद वर्मा ,पंकज श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित थे। इसकी जानकारी संस्था के "मंत्री" अजय श्रीवास्तव "अधिवक्ता" ने दी।


## पशु तस्करी करने वाले 02 अभियुक्तों की लगभग 70000 रूपए की सम्पत्ति हुई जब्त

प्रखर गोरखपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा संगठित अपराधों पर अंकुश लगाने एवं गैंगस्टर एक्ट के अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में, श्रीमान जिलाधिकारी गोरखपुर के आदेश वाद सं0 2916/2023 बनाम सोनू गुप्ता पुत्र रोहित गुप्ता निवासी बरईपार थाना सहजनवा जनपद गोरखपुर के अनुपालन के क्रम में थाना सहजनवा पर पंजीकृत मु0अ0स0 546/2022/2022 धारा 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट से संबंधित अभियुक्त सोनू गुप्ता उपरोक्त की गैंगेस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत वाहन संख्या-UP53DZ7737 मोटर साइकिल प्लेटिया एवं आदेश वाद संख्या 2915/2023 बनाम अनिल प्रजापति पुत्र राधेश्याम निवासी महराबारी थाना सहजनवा जनपद गोरखपुर के अनुपालन के क्रम में थाना सहजनवा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 404/2022 धारा 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त अनिल प्रजापति उपरोक्त की गैंगेस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत वाहन संख्या–UP53DH2105 मोटर साइकिल प्लेटिना को तहसीलदार सहजनवा के द्वारा थानाध्यक्ष सहजनवा की मौजूदगी में जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी। जब्त की गयी सम्पत्ति की कुल अनुमानित कीमत लगभग 70000/- रूपए है। अभियुक्तगण के विरूद्ध आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी।

## धन्य धाम गंगा सागर



आओ करें कुछ कर्म की बातें।
कुछ धर्म की बातें।
कुछ आदर्श धर्म ,
कुछ स्थलों के,
मर्म की बातें।।
पौराणिक धर्म ग्रंथ हमारा,
करता आदर्शों की बात।
संस्कारों का महाकुंभ बन, युगों युगों से है विख्यात।।
पर्वी भारत में गंगा सागर,
जलराशि का पारावार।
चाहे जितना तीर्थाटन करलो,
पर गंगा सागर एक बार।।
उदय हुआ सौभाग्य हमारा,
गंगा सागर तट पर पहुंचे।
तन मन अभिसिंचित लहरों से कर,
कपिल मुनि कुटिया पर पहुंचे।।
पौराणिक अनमोल धरोहर,
मानव जीवन का मोक्षधाम।
जीवन धन्य सचमुच हो जाता,
गंगा सागर में कर स्नान।।
साठ हजार सगर पुत्रों के ,
उदंडता की कथा सुनाता।



कपिल मुनि के श्राप से श्रापित ,
अनहोनी को भी दशार्ता।।
धन्य हो गया जीवन अपना, कई-बार
लहर में डुबकी लगाकर।
सरस धन्य धाम,
गंगा सागर।।

**गौरीशंकर पाण्डेय सरस**

# महानिदेशक, एनडीआरएफ वाराणसी के दो दिवसीय दौरे पर



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। अतुल करवल (भा.पु.से.) महानिदेशक, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल 11वीं वाहिनी मुख्यालय राष्ट्रीय आपदा मोचन बल वाराणसी के दो दिवसीय दौरे पर हैं जहाँ 11 एनडीआरएफ, वाराणसी की तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया गया व घाटों पर एनडीआरएफ की तैयारियों का निरीक्षण किया गया` आज डूबते हुए लोगों व घायलों के उपचार में संजीवनी बनने वाली वाटर एम्बुलेंस का भी निरीक्षण किया गया उसके उपरांत महानिदेशक, दशाश्वमेध घाट पर तैनात एनडीआरएफ रेस्क्यूअर्स से रूबरू हुये दशाश्वमेध घाट पर एनडीआरएफ के सुप्रशिक्षित गोताखोर व बचाव दल आधुनिक उपकरणों के साथ तैनात रहता है जिससे की घाटों पर प्रतिदिन आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके महानिदेशक, एनडीआरएफ दशाश्वमेध घाट पर गंगा सेवा निधि द्वारा आयोजित राष्ट्र के वीर योद्धाओं की स्मृति में आकाशदीप प्रज्जवलन एवं माँ गंगा आरती के पावन अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए एवं उपस्थित महानुभाव, दर्शनाभिलाषी पर्यटकों एवं काशी के लोगों का आभार व्यक्त करते हुये बताया कि बल के मुखिया होने के नाते मैं सभी देशवासियों को आश्वस्त करना चाहूँगा कि किसी भी आपात स्थिति में एनडीआरएफ हमेशा आपके साथ एक भरोसेमंद साथी के रूप में सैदव मुस्तैद रहेगी। महानिदेशक, एनडीआरएफ के द्वारा वाहिनी मुख्यालय के परिसर एवं साहुपुरी चंदौली स्थित एनडीआरएफ कैंप का भी भ्रमण किया जायेगा और आपदा बचाव के उपकरणों, जवानों के प्रशिक्षण व तैयारियों का जायजा लिया जायेगा` साहुपुरी चंदौली स्थित एनडीआरएफ कैंप में स्मृति स्वरूप पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण किया जायेगा एवं समस्त कार्मिकों के लिए सैनिक सम्मलेन का भी आयोजन किया जाना है जहाँ वे सभी जवानों से रूबरू होगें। मनोज कुमार शर्मा, उप महानिरीक्षक ने बताया कि महानिदेशक महोदय के मार्गदर्शन में एनडीआरएफ के बचावकर्मी आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में देश एवं विदेश में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहें है और बाढ़, भूकम्प, सुनामी, चक्रवात जैसे प्राकृतिक और मानव जनित आपदाओं रेल हादसे, सीबीआरएन आदि आपदाओं में जन मानस की सेवा में अग्रसर हैं। महोदय के दौरे का उद्देश्य एनडीआरएफ वाराणसी की आपदाओं को लेकर तैयारी का जायजा लेना और जवानों में नई उर्जा और उत्साह का संचार करना है। जिससे हर एक बचावकर्मी कठिन से कठिन आपदाओं में सहज रहकर आम जन की समर्पित भाव से सेवा कर सके।

## घाटों के पक्के निर्माण और पाथ वे के लिए नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने मुख्यमंत्री योगी को सौंपा पत्रक



प्रखर मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ सोमवार को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने और विंध्य कॉरिडोर के निर्माण का निरीक्षण करने मीरजापुर पहुंचे है।जहा नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने सूबे के मुखिया से मुलाकात कर नगर के शिवपुर घाट से विसुन्दरपुर घाट तक पड़ने वाले सभी घाटों के पक्के निर्माण और पाथ वे बनाने को लेकर पत्रक सौंपा।बता दे बाढ़ के दौरान मीरजापुर के घाटों पर कटान की समस्या हो जाती है।घाटों के पक्के निर्माण और पाथ वे से इस समस्या का निदान हो जायेगा।इसके साथ ही मीरजापुर में विंध्य कॉरिडोर बनने से दर्शनार्थियो की संख्या में इजाफा होगा। घाटों के पक्के निर्माण और पाथ वे बनने से सांस्कृतिक विकास के साथ-साथ पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।इस मौके पर नपाध्यक्ष ने कहा की नगर के विकास के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी मुलाकात कर शिवपुर से विसुंदरपूर तक के घाटों के पक्के निर्माण और पाथ वे बनवाने की मांग पत्रक द्वारा की गई है।सूबे के मुखिया ने घाटों के पक्के निर्माण कराने को लेकर आश्वाशन भी दिया है।इसके बनने से जहा कटान की समस्या खत्म होगी,वही पर्यटन और रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा।

## रिजर्व पुलिस सभागार कक्ष में आयोजित किया गया साइबर कार्यशाला



प्रखर संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक सन्तकबीरनगर सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन के क्रम में आज दिनांक 30.10.2023 को रिजर्व पुलिस लाइन सभागार कक्ष में क्षेत्राधिकारी मेहदावल अम्बरीष सिंह भदौरिया की उपस्थिति में जनपद के समस्त थानों पर स्थापित साइबर सेल में नियुक्त पुलिसकर्मी के साथ साइबर अपराधों के प्रभावी रोकथाम हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला के दौरान पुलिस कर्मियों को साइबर अपराध से पीड़ित व्यक्तियों को त्वरित सहायता ( जैसे पीड़ित द्वारा तत्काल साइबर हेल्प लाइनं नंबर 1930 पर काल कराने व साइबर पोर्टल CyberCrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराने) सहित एनसीआरपी पोर्टल, साइबर सेफ पोर्टल, साइट्रेन पोर्टल आदि की विस्तृत जानकारी दी गयी । पुलिस कर्मियों को पीड़ितों के पैसों को खातों में फ्रीज कराकर वापस कराने तथा साइबर अपराध करने वाले व्यक्तियों के बारे में जानकारी एकत्र करने संबन्धित जानकारी प्रदान की गयी। कार्यशाला के दौरान प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम सेल श्री दीपक कुमार दूबे, उ0नि0 श्री रमेश यादव, हे0का0 पुष्पेन्द्र कुमार गौतम, का0 राम प्रवेश मद्धेशिया, का0 धीरेन्द्र कुमार सहित जनपद के समस्त थानों के साइबर सेल में नियुक्त समस्त पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## विएनआइ वाराणसी के छठवें स्थापना दिवस के अवसर पर आशीर्वाद हास्पिटल में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। विएनआइ वाराणसी के छठे स्थापना दिवस के उपलक्ष्य मे मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन आशीर्वाद हॉस्पिटल एवं शिव प्रसाद गुप्त अस्पताल के प्रांगण में बीएचयू टीम के सहयोग के साथ किया गया बीएनआइ वाराणसी जिसमें की सभी व्यापारी वर्ग के लोग शामिल हैं और व्यापार को केंद्र में रखकर ही यह कार्य करती है ज्यादातर इसमें युवा लोग हैं` सभी युवाओं ने काफी बढ़कर उसमें हिस्सा लिया उसमें महिलाओं की संख्या भी काफी ज्यादा थी और लगभग दोपहर तक या आंकड़ा 300 के पार जा चुका था शाम तक उम्मीद है कि यह 400 के लक्ष्य को प्राप्त कर लेगा रक्तदान शिविर का उद्घाटन डाक्टर सेठ साहब एवं डॉक्टर एसपी गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया और युवाओं से आवाहन किया कि इस तरह से लोगों की मदद इस महादान द्वारा करते रहें क्योंकि इससे चार जिंदगी बचा सकते हैं डॉक्टर एसपी गुप्ता जो की संस्थापक अध्यक्ष हैं आईएमए ब्लड बैंक 1982 में इसी उद्देश्य के लिए दिया था` रक्तदान , ब्लड बैंक की समस्याओं को देखते हुए की उन्होंने इस आईएमए को प्रतिस्थापित करने का मन बनाया था शिव प्रसाद गुप्त अस्पताल में सीएमओ संदीप चौधरी ने रक्तवीरो को सर्टिफिकेट किया और बनी को नागपल के लिए बहुत ही सरधुवा दिया` एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर आयुष नर्सरी चेयरपर्सन अमन मेहरा एवं अर्पित सराफ के साथ राजेश गुप्ता नीरज पारिख एवं 17 सदस्य टीम पूरी मुस्तादी के साथ दोनों प्रांगण एवं बीएचयू टीम के साथ पूरे उत्साह से रक्तदान करवाने में लगी थी जिसका सुखद परिणाम यह सामने आया संजय बनर्जी, आकाश बाथम, स्मिता साहू, सीमा आसवानी, पीयूष अग्रवाल, आशुतोष गुप्ता मयंक अग्रवाल, ओम प्रकाश, विवेक केशरी, रितेश अग्रवाल, प्रतीक लालवानी अनशित गिनोदिया,रोहित गुप्ता, डाक्टर सैयद मानर , अमन जयसवाल 12 बीएनआइ चैप्टर के को- ऑर्डिनेटर बनाए गए थे जिससे पूरा रक्तदान शिविर एक उत्सव रूपी आयोजन में तब्दील हो गया।

## वाह रे स्वास्थ्य विभाग पीएमओ के निर्देश के बाद भी सीएमओ की महज खानापूर्ती

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जखनिया क्षेत्र शहीद वीर अब्दुल हमीद के नाम बना अस्पताल धामूपुर में स्थित वीर अब्दुल हमीद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर 6 माह से रिक्त चल रहे चिकित्सक के पद पर तैनाती के लिए 1 माह पूर्व आए आदेश के बाद भी अब तक चिकित्सक की तैनाती नहीं हो पाई । ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग पर आप लगाया कि विभाग जानबूझकर इस अस्पताल पर चिकित्सक की तैनाती नहीं कर रहा है। पूर्व में नियुक्त चिकित्सक डॉक्टर राकेश रोशन का शासन द्वारा स्थानांतरण मऊ जनपद में हो जाने के बाद 6 माह से चिकित्सालय में चिकित्सक का पद रिक्त पड़ा था। जिसको लेकर धामूपुर गांव के समाजसेवी अनिकेत चौहान ने पीएमओ को पत्र लिखकर परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक के तैनाती की मांग की गई थी । जिसका संज्ञान लेते हुए पीएमओ ने शीघ्र चिकित्सक तैनाती का निर्देश दिया था । इसके बाद जनपद के स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर की नियुक्ति का आदेश भी जारी कर दिया गया । हथियाराम मठ स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ अनूप राजभर की पीएचसी धामूपुर में सप्ताह में 3 दिन की तैनाती का आदेश जारी किया गया था लेकिन 1 माह बीत जाने के बाद भी अब तक अस्पताल पर चिकित्सक की नियुक्ति नहीं होने से परेशान है। ग्रामीणों ने कहा कि इस समय डेंगू, मलेरिया , टाइफाइड बीमारी का प्रकोप काफी तेजी से चल रहा है। लेकिन क्षेत्र में क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक न होने से ग्रामीण इलाज के लिए परेशान। वही मजबूरी में प्राइवेट चिकित्सा के पास भी जाने को मजबूर हैं। जनपद मुख्यालय और ब्लॉक मुख्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। समाजसेवी अनिकेत चौहान ने बताया कि तैनाती के लिए कई बार पत्र लिखा गया है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग अनसुना कर दे रहे हैं।



## थाना धनघटा पुलिस द्वारा आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत जनसहयोग से लगवाये गये 07 सीसीटीवी कैमरे

प्रखर संतकबीरनगर। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे आपरेशन त्रिनेत्र हर घर कैमरा अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में आज दिनांक 30.10.2023 को थाना धनघटा पुलिस द्वारा 01 स्थान पर कुल 07 सीसीटीवी कैमरे लगवाये गये हैं । धनघटा पुलिस द्वारा कैमरा लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्ति को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया । संतकबीरनगर पुलिस द्वारा आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत जनसामान्य से अपील किया जा रहा है कि वे अपने अपने घरों, कालोनियों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे जरुर लगवाएं और कम से कम एक कैमरे से सड़क पर भी निगरानी रखें, जिससे कि अपराधिक व असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा सके, आपका यह छोटा सा प्रयास कानून व्यवस्था बेहतर करने में बहुत कारगर होगा।

## राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन मीरजापुर की आवश्यक बैठक हुई संपन्न

प्रखर मीरजापुर। शहर के बेलतर रोड स्थित सी फॉर चाट रेस्टोरेंट में राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन की आवश्यक बैठक 29अक्टूबर को पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमे जिला चुनाव अधिकारी विंध्यवासनी केशरवानी एवं सह चुनाव अधिकारी अखिलेश मिश्र ने उपस्थित व्यापारियों को संयुक्त रूप से संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन की कार्यकारणी 3 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करने के पश्चात भंग कर दी गई थी अब पुनः संगठन का विस्तार एवं गठन के लिए कार्यकताओं को आगे आना चाहिए ,संगठन के लिए अच्छा नेतृत्वकर्ता वह है जो ज्यादा से ज्यादा लोगो को संगठन से जोड़े , संगठन के प्रदेश महामंत्री रविंद्र जायसवाल ने पुरानी बातो को याद करते हुए कहा कि आप सभी के संख्या बल से वह व्यापारियों की हर लड़ाई को लड़ते रहे है ,उनका संगठन कई राज्यों में सुचारू रूप से कार्य कर रहा है ,संगठन का लाभ व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए नही किया जाना चाहिए , आज की बैठक में मुख्य रूप से कैलाश जायसवाल ,राजकुमार गुप्ता (ऊमर) ,सुरेन्द्र केशरवानी ,नितेश सिंह ,रजनी कान्त राय ,शुभम गुप्ता (साई) ,अनूप गुप्ता , सरफराज अहमद ,रवि गुप्ता साहू ,विजय सिंह ,सत्यम कसेरा,संजय गुप्ता सहित व्यापारी गण उपस्थित रहे।



# डीएम की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक हुई आयोजित

## सैनिक कल्याण से सम्बंधित आवेदन पत्रों व समस्याओं के त्वरित निस्तारण के सबंध में जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारी को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश



प्रखर संतकबीरनगर। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूतपूर्व सैनिकों एवं बीर नारियों के पेंशन अथवा जमीन आदि से सम्बंधित कोई भी समस्या हो उसका समाधान सम्बंधित अधिकारी अबिलम्ब पूर्ण करा कर अवगत कराये। बैठक में भूतपूर्व सैनिकों से प्राप्त शिकायती आवेदन पत्र को जिलाधिकारी ने अवलोकन करने के पश्चात सम्बन्धित विभागों को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। विगत बैठक में जिलाधिकारी द्वारा धनघटा तहसील अन्तर्गत शहीद सत्यवान (मरणोपरान्त वीर चक्र से सम्मानित) के गॉव घोरांग के विकास एवं शहीद सत्यवान के सम्मान में प्रेरणा स्थल, गेट द्वार का निर्माण,गॉव के अप्रोच मार्ग एव गॉव की सड़कों का निर्माण/मरम्मत तथा शहीद के परिवार को आवास का लाभ दिलाये जाने के संबंध में विभिन्न विभागीय अधिकारियों को दिये गये निदेर्शों की अनुपालन आख्या से अवगत कराया गया। निदेर्शों का अनुपालन एवं भूतपूर्व सैनिकों के व्यक्तिगत समस्याओं से सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण की दिशा में कार्यवाही की प्रगति संतोषजनक पायी गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि शहीद सत्यवान सिंह के गॉव में प्रेरणा स्थल के निर्माण के दृष्टिगत मनरेगा से कार्य कराते हुए मनरेगा पार्क का निर्माण के दिशा में कार्य किया जा रहा है और गॉव में गेट द्वार के निर्माण के संबंध में स्थानीय मा0 जनप्रतिनिधि महोदय से चर्चा कर ली गयी है। जिलाधिकारी ने बैठक में अलग-अलग भूतपूर्व सैनिकों की व्यक्तिगत समस्याओं को सुनते हुए सम्बंधित अधिकारी को निस्तारण का निर्देश दिया। बैठक में सैनिक बन्धुओं द्वारा चिकित्सालय में उपचार की सुविधा, जमीन की पैमाइश, अतिक्रमण, शस्त्र लाइसेन्स का नवीनीकरण, जमीन का अमलदरामत, भूतपूर्व सैनिक के दिव्यांग बेटे को उपलब्ध योजनाओं का लाभ दिलाया जाना भूतपूर्व सैनिक के आश्ररित का बैंक में खाता खोला जाना आदि से सम्बंधित समस्याएं रखी गयीं, जिस पर जिलाधिकारी ने कुछ समस्याओं का मौके पर निस्तारण कराते हुए शेष में सम्बंधित अधिकारियों को तत्काल प्रकरण की जांच एवं निस्तारण कर आख्या से अवगत कराने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर दीपांशी राठौर, वरिष्ठ कोषाधिकारी वैभव कुमार, जिला सेवायोजन अधिकारी शैलेन्द्र शुक्ला, वरिष्ठ शाखा प्रबन्धक विवेक कुमार, उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी राजीव शुक्ला, भूतपूर्व सैनिक यदुनन्दन मिश्र, विजय प्रकाश मिश्र, रामदास, रामसेवक, प्रशासनिक अधिकारी बद्री प्रसाद श्रीवास्तव, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं भूतपूर्व सैनिक/वीर नारियां आदि उपस्थित रहीं।

## संक्षिप्त खबरें

### कमेटी ने दो लावारिश लाशो का करवाया अंतिम संस्कार



प्रखर जौनपुर। शहर के हजरत भुंदरा शाह स्थित कब्रिस्तान पर लावारिस लाश इंतजामिया कमेटी जौनपुर के तत्वाधान में दो शवो को दफनावया गया एक शव सदर अस्पताल से बीमारी की हालत में मृत्यु के बाद थाना कोतवाली ने सौपा था,दूसरा शव थाना रामपुर मड़ियाहुं से आई थी,उक्त शव के बारे में पुलिस ने सूचना दी की एक अज्ञात शव बाजार में मिला पोस्टमार्टम के बाद कमेटी को अंतिम संस्कार के लिए सौप दिया गया, एस पी सिटी बृजेश कुमार ने बताया की विभिन्न अखबार और टीवी पर सूचना देने के बाद भी जब कोई वारिस नही आता तो पोस्ट मार्टम के बाद शव कमेटी को सौंप दिया जाता है,अध्यक्ष साजिद अलीम ने बताया की कोविड काल से अब तक उक्त कमेटी सैकड़ों शव मुस्लिम समुदाय का दफना चुकी है।उपाध्यक्ष रियाजुल हक ने बताया की अगर प्रशासन को कोई भी लावारिस लाश मुस्लिम समुदाय की मिले तो उसकी अंतिम संस्कार उक्त टीम करवाएगी।मिट्टी में,इरशाद मंसूरी,सद्दाम हुसैन,दानिश इकबाल,सलीम चुन्ना,इमरान,मास्टर मेराज आदि मौजूद रहे।

### रासायनिक उर्वरकों का कम प्रयोग व जैविक खाद के प्रति किया गया जागरूक

प्रखर पिंडरा वाराणसी। स्थानीय ब्लॉक पर सोमवार को पीएम प्रणाम योजना के तहत किसानों को जागरूक करने के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला कृषि अधिकारी संगम सिंह मौर्य की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहाकि रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने के लिए पीएम प्रणाम योजना शुरू की गई हैं। जिसमें उर्वरकों पर निर्भरता कम करने के लक्ष्य है। लक्ष्य को पाने के लिए किसानों को जागरूक कर उन्हें रासायनिक उर्वरकों के विकल्पों एवं होने वाले नुकसानों के बारे में जानने की जरूरत है। मृदा परीक्षण के उपरांत ही खेतों में रासायनिक उर्वरकों के उपयोग के लिए प्रेरित किया। इस दौरान फसल चक्र , नैनों यूरिया व अन्य विकल्पों के साथ गोबर की खाद व अन्य प्राकृतिक खाद के उपयोग के बाबत जानकारी दी गई।रासायनिक उर्वरकों से मिट्टी के भौतिक एवं जैविक गुणों में कमी आने से उपजाऊ शक्ति कमजोर होती है। पोषक तत्वों में असंतुलन होता है। इस दौरान संगोष्ठी में आनन्द कुमार सिंह, के एन मलहोत्रा, गोपाल शर्मा, पंकज शाह, किसान अरूण सिंह, सतीश कुमार सिंह, प्रवीण पटेल, देवनाथ पटेल, अमरनाथ मौर्य समेत सैकड़ो किसान रहे।

### पांचवे दिन जारी रहा भाकियू का धरना प्रदर्शन



प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। भारतीय किसान यूनियन द्वारा बनस्थली महाविद्यालय के पास लगे अवैध और अस्थाई टोल प्लाजा को हटाने के लिए लगातार आज दिनांक 30/ 10/ 2023 को भी 5 वें दिन धरना जारी रहा, आज के धरने का नेतृत्व प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह जी के द्वारा चल रहा है। कल दिनांक 31/10/2023 को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेलजी का जन्म दिवस धरना स्थल पर दोपहर 12:00 बजे मनाया जाएगा। आज के धरने में निम्न लोग उपस्थित रहे, प्रहलाद सिंह प्रदेश महासचिव ,मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह, जिला अध्यक्ष कंचन सिंह फौजी, जिला महासचिव वीरेंद्र सिंह, मंडल उपाध्यक्ष परशुराम मौर्य, शीतला प्रसाद सिंह, सभापति सिंह, नंदलाल भारती, राजा राम, राम सिंगार सिंह, दीप नारायण कमला मौर्या, चूल्हन बिंद, हरगेन, रामचंद्र पटेल, रमेश, अशोक कुमार सिंह, विष्णु दयाल, व अन्य।

### तालाब में डूबने से बालक की मौत

प्रखर मिजार्पुर।विकास खण्ड- जमालपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत-मनऊर के बरवां निवासी अनिल कुमार का पुत्र राम अशीष,उम्र लगभग 11वर्ष का बकरी चराते वक्त गहरे तालाब में डूबने से मौत हो गया।यह कक्षा 6 में पढ़ता था तथा आज छुट्टी के दिन अन्य बच्चों के साथ बकरी चराने चला गया था।बता दें कि ग्राम पंचायत-मनऊर के पुराबालम मौजा में वाराणसी के सोला सिंह निवासी भगवानपुर का जमीन है,जिसमें एक छोटा सा एक कमरे का मकान है तथा बगल में ही दस विस्वा में मछली पालन के लिए तालाब बना हुआ है।उसी तालाब के किनारे तीन-चार बच्चों के साथ बकरी चरा रहा राम अशीष अचानक पैर फिसलने से गहरे पानी में चला गया।साथ बकरी चरा रहे बच्चे राम अशीष को डूबते देख कर शोर मचाते हुए भाग कर गांव वालों को सूचना दिए,लेकिन तब तक काफी देर हो चुका था। ग्रामीणों द्वारा निकाले जाने के बाद मृतक के पुरे शरीर पर राख मल कर बचाने का काफी प्रयास किया गया,लेकिन बचाने में असफल रहे।घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस विभाग को दे दी गई है,खबर लिखे जाने तक आगे की कार्यवाही की जा रही है।

### बदमाश रमेश कुमार की पुलिस ने खोली हिस्ट्रीशीटर

प्रखर सहजनवां,गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के कुआवल खुर्द निवासी रमेश कुमार यादव पुत्र गीता यादव का लगातार किए जा रहे अपराध को देखते हुए सहजनवा पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर खोली है। इस बदमाश के ऊपर खजनी थाने में मारपीट,धमकी देने,खोराबार थाने मे बलवा,रुपए हड़पने,मारपीट,धमकी देंगे,गीडा थाने में हत्या के प्रयास, मारपीट, धमकी देने, बेलीपार थाने में जालसाजी, मारपीट, धमकी देने, शाहपुर थाने में दुर्घटना करने,मारपीट,धमकी देने, सहजनवा थाने में दुर्घटना करने का केस दर्ज है।

### करखियाव की रामलीला हुई शुरू



प्रखर पिण्डरा वाराणासी। क्षेत्र के करखियाँव गाँव में 60 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक श्री दशहरा डीह बाबा रामलीला समिति में रविवार को सीता स्वयंवर व परसुराम लक्ष्मण सवांद का भावपूर्ण मंचन किया गया। रामलीला का शुभारंभ दिवंगत कलाकारो के परिवार के लोगो को बुलाकर सम्मानित करते हुए राम-लक्ष्मण की आरती उतार कर किया। वही रविवार की रात रामलीला मंचन में सीता स्वयंवर में राम का अभिनय शिवानंद दूबे, लक्ष्मण का आशु मिश्र, सीता का राकी राज यादव, सुनैना का यतेन्द्र मिश्र, जनक का जोगेन्दर सिंह, परशुराम का मनोज मिश्र, विश्वामित्र का देवेन्द्र मिश्र ने किया।

# प्रयागराज में स्थापित होगी 108 फीट ऊंची हनुमान प्रतिमा

**प्रयागराज (आईएएनएस)।** 'नगर कोतवाल' के रूप में पूजे जाने वाले भगवान हनुमान की 108 फीट ऊंची मूर्ति महाकुंभ 2025 से पहले उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में यमुना के तट पर त्रिवेणी पुष्प क्षेत्र में बनाई जाएगी। त्रिवेणी पुष्प को 30 साल के लिए हरिद्वार के परमार्थ निकेतन को पट्टे पर सौंप दिया गया है, जो इस प्रतिमा के निर्माण और कई अन्य संरचनाओं और सुविधाओं की देखभाल करेगा। देश के विभिन्न मंदिरों की प्रतिकृतियां होने के बावजूद देखभाल के अभाव में त्रिवेणी पुष्प का कभी भी उसकी पूरी क्षमता से उपयोग नहीं हो सका। हालांकि महाकुंभ से पहले इस स्थान को आध्यात्मिक क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। त्रिवेणी पुष्प के पुराने निर्माण समेत कुल 21 निर्माण होंगे। इनमें मूर्ति, एक स्कूल, फूड कोर्ट, पानी का फव्वारा, ध्यान केंद्र, मिट्टी का घर, आध्यात्मिक कुटिया और हवन कुंड आदि शामिल हैं। इस बीच बाघंबरी मठ के महंत बलबीर गिरि ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की धार्मिक स्थलों के विकास की पहल की सराहना करते हुए कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार राज्य में विकास की नई कहानी लिखने जा रही है। गिरि ने कहा, चूंकि संगम तट पर स्थित बड़े हनुमान मंदिर भी पुनर्विकास की परियोजनाओं में शामिल है, इसलिए सभी संत और भक्त मुख्यमंत्री के आभारी होंगे। उन्होंने कहा कि वाराणसी कॉरिडोर, अयोध्या मंदिर और उज्जैन महाकाल मंदिर कॉरिडोर की तरह सरकार ने प्रयागराज में इस कॉरिडोर की सौगात दी है। प्रयागराज के बड़े हनुमान मंदिर परिसर को भी नया रूप दिया जाएगा। इसके लिए मंदिर के पास 11,589 वर्ग फीट जमीन चिन्हित की गई है।

# ब्रेन स्ट्रोक में तत्काल उपचार से लकवा से बचाव संभव





**डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव**
न्यूरो-मेडिसिन विभाग के विशेषज्ञ, सहारा हास्पिटल



**डॉ. संदीप अग्रवाल**
न्यूरो-मेडिसिन विभाग के विशेषज्ञ, सहारा हास्पिटल

- **सही समय पर स्ट्रोक के लक्षणों की पहचान ही मददगार**
- **ब्रेन स्ट्रोक के मरीजों को 4.30 घंटों के भीतर समय से खून के थक्के घोलने वाली दवा देकर विकलांगता को रोका जा सकता है**

**लखनऊ।**

स्ट्रोक जिसे साधारण शब्दों में लकवा कहा जाता है, ब्रेन से जुड़ी एक ऐसी बीमारी है जिसमें अगर समय पर इलाज मिल जाए तो इंसान जीवन भर के लिए विकलांग होने से बच सकता है। लिहाजा इसके लक्षणों की समय से पहचान और तुरंत कार्रवाई करना बेहद जरूरी है।

**स्ट्रोक होने पर क्या करें-**

- मरीज को तत्काल उपचार के लिए हास्पिटल लेकर जाना चाहिए।
- मरीजों को समय से खून के थक्के घोलने वाली दवा देकर स्थायी विकलांगता से बचाया जा सकता है।
- जब मरीज को हास्पिटल लेकर चलें तो इस दौरान या रास्ते से ही हास्पिटल के इमरजेंसी नम्बर पर मरीज के आने की सूचना दें, जिससे इमरजेंसी में ब्रेन स्ट्रोक से सम्बंधित आपात सभी चिकित्सा व्यवस्था अलर्ट की जा सके। शुरुआती 4.30 घंटे होते हैं बेहद महत्वपूर्ण
- गोमती नगर स्थित सहारा हास्पिटल के न्यूरो-मेडिसिन विभाग के विशेषज्ञ डॉ. संदीप अग्रवाल और डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव ने सयुंक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि स्ट्रोक पड़ने पर मरीज के लिए शुरुआत के साढ़े चार घंटे अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। इस समय को गोल्डन आवर भी कहते है, इस समय के भीतर खून के थक्के घोलने वाली दवा देकर स्थायी विकलांगता से बचाया जा सकता है।

### ब्रेन स्ट्रोक के लक्षण

- चेहरा एक तरफ झुकना,
- एक हाथ या पैर में कमजोरी,
- बोलने में तकलीफ,
- चलते समय लड़खड़ाना

**ब्रेन स्ट्रोक मौत का तीसरा सबसे बड़ा कारण :** उन्होंने बताया कि दुनिया भर में ब्रेन स्ट्रोक तीसरा मौत का सबसे बड़ा कारण है। पहले नम्बर पर हृदय रोग और दूसरे नम्बर पर कैंसर है। ब्रेन स्ट्रोक से संबंधित शोध का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि 55 साल की आयु के बाद पांच में से एक महिला और छह में से एक पुरुष को स्ट्रोक होने की आशंका रहती है। इनमें भी फैमिली हिस्ट्री, मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, हाई कॉलेस्ट्रॉल, शराब, धूम्रपान करने वालों को स्ट्रोक पड़ने की ज्यादा संभावना रहती है।

**किसी को भी पड़ सकता है ब्रेन स्ट्रोक :** इसके अलावा ब्रेन स्ट्रोक किसी को भी पड़ सकता है। बचाव के लिए जरूरी है कि संतुलित जीवन शैली अपनाएं। उन्होंने कहा कि स्ट्रोक की दो अवस्थाएं होती है, एक में मस्तिष्क के भीतर नसों में खून के थक्कों का जमाव या नसों का फटना। यदि खून का थक्का जमा हुआ है तो उसको दवाओं से ठीक कर सकते हैं जबकि नस फटने पर सर्जरी करने की आवश्यकता पड़ती है।




*सहारा इंडिया परिवार के सीनियर एडवाइजर श्री अनिल विक्रम सिंह जी ने अपने संदेश में कहा कि हमारे अभिभावक माननीय 'सहाराश्री' जी ने लखनऊ शहर में अत्याधुनिक उपकरणों सहित 50 से भी अधिक विभागों से युक्त जनमानस की सुविधा हेतु सहारा हास्पिटल सौगात के रूप में दिया है जहां कुशल एवं अनुभवी चिकित्सकों की टीम निरंतर बेहतर स्वास्थ्य एवं चिकित्सकीय सेवाएं उचित मूल्य पर दे रही हैं। श्री सिंह ने बताया कि सही समय पर त्वरित निर्णय से और सही चिकित्सा व इलाज प्राप्त होने से रोगों की गम्भीरता से बचा जा सकता है। सहारा हास्पिटल में ब्रेन स्ट्रोक से संबंधित अत्याधुनिक उपचार उचित दरों पर उपलब्ध है। हास्पिटल के हेल्प डेस्क के नम्बर-05226780001 पर जरूरतमंद सातों दिन चौबीस घंटे सम्पर्क कर सकते हैं।*

## धारावाहिक 'फ्रेंड्स' के अभिनेता मैथ्यू पेरी का निधन

**लॉस एंजेल्स (एपी)।** मशहूर टेलीविजन धारावाहिक 'फ्रेंड्स' में चैंडलर बिंग की भूमिका निभाकर अंतरराष्ट्रीय ख्याति हासिल करने वाले अभिनेता मैथ्यू पेरी का निधन हो गया है। वह 54 वर्ष के थे। 'लॉस एंजेल्स टाइम्स' और सिलेब्रिटी वेबसाइट 'टीएमजेड' के अनुसार, एमी पुरस्कार के लिए नामांकित अभिनेता अपने घर में शनिवार को मृत पाए गए। दोनों समाचार संगठनों ने अज्ञात सूत्रों के हवाले से पेरी के निधन की जानकारी दी। पेरी के प्रचारक और अन्य प्रतिनिधियों ने अभी अभिनेता के निधन की खबर पर कोई टिप्पणी नहीं की है।'फ्रेंड्स' के 10 सीजन में पेरी के अभिनय ने उन्हें हॉलीवुड के सबसे मशहूर अभिनेताओं में से एक बना दिया था। चैंडलर की भूमिका में उन्होंने जॉय और रॉस के एक व्यंग्यात्मक लेकिन असुरक्षित और



मानसिक रूप से परेशान 'रूममेट' की भूमिका निभायी थी। यह सीरीज टेलीविजन के सबसे हिट धारावाहिकों में से एक थी और युवाओं ने इसे काफी पसंद किया था। यह सीरीज 1994 से 2004 तक प्रसारित की गयी थी। पेरी को 'फ्रेंड्स' में उनकी भूमिका के लिए एमी पुरस्कार के लिए नामांकित भी किया गया था।

# धूप से बचाने में सनस्क्रीन सबसे कम प्रभावी




**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** शोधकर्ताओं का कहना है कि धूप से बचाने के लिए कपड़ों और अन्य चीजों की तुलना में सनस्क्रीन आपकी स्किन को प्रोटेक्ट करने का सबसे कम प्रभावी तरीका है। कैंसर जर्नल में प्रकाशित स्टडी के अनुसार, सनस्क्रीन का इस्तेमाल बढ़ रहा है, लेकिन साथ ही मेलेनोमा और स्किन कैंसर रेट भी बढ़ रहा है, जिसे शोधकर्ता सनस्क्रीन पैराडॉक्स कहते हैं। कनाडा के मैकगिल विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. इवान लिट्विनोव ने कहा, समस्या यह है कि लोग सनस्क्रीन को सूरज की किरणों से स्किन को बचाने के लिए सबसे उपयोगी तरीका मानते हैं।

लोग सोचते हैं कि वो स्किन कैंसर से भी सुरक्षा देता है। उन्होंने कहा, अधिकांश लोग पर्याप्त मात्रा में सनस्क्रीन नहीं लगाते या सुबह सनस्क्रीन लगाने के बाद घंटों तक धूप में नहीं रहते हैं, जिससे उनमें सुरक्षा का भ्रम पैदा होता है। मेलेनोमा के बढ़ते मामलों के बीच फैक्टर्स को समझने के लिए, शोधकर्ताओं ने दो स्टडी की। पहली स्टडी में, उन्होंने पाया कि नोवा स्कोटिया और प्रिंस एडवर्ड द्वीप में रहने वाले कनाडाई लोग सन प्रोटेक्शन का ज्यादा इस्तेमाल करते है, वे धूप से होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों के बारे में अधिक जागरूक हैं, और यूवी इंडेक्स का पालन करने के लिए अधिक उपयुक्त हैं। इसके बावजूद, गर्म तापमान और बाहरी गतिविधियों में संलग्न रहने की प्रवृत्ति के कारण उन्हें अधिक धूप का सामना करना पड़ा। इसी तरह, यूके बायोबैंक की दूसरी स्टडी में, शोधकर्ताओं ने पाया कि सनस्क्रीन का इस्तेमाल आश्चर्यजनक रूप से स्किन कैंसर के दो गुना से अधिक जोखिम से जुड़ा है। लिट्विनोव ने कहा, ये संयुक्त निष्कर्ष एक सनस्क्रीन पैराडॉक्स का सुझाव देते हैं, जिससे व्यक्ति पर्याप्त मात्रा में सनस्क्रीन या अन्य सन-प्रोटेक्शन का इस्तेमाल नहीं करते हैं, जिससे सुरक्षा का भ्रम पैदा होता है। उन्होंने कहा कि सन-प्रोटेक्शन और स्किन कैंसर की रोकथाम में नॉलेज और प्रैक्टिस की कमियों को दूर करने के लिए इस सनस्क्रीन पैराडॉक्स और दुनिया भर के समुदायों के यूनिक मानदंडो पर विचार करना चाहिए।

# हार्ट रेट मापने को गूगल ने किया हेडफोन का इस्तेमाल

**सैन फ्रांसिस्को (आईएएनएस)।**

गूगल वैज्ञानिकों ने अतिरिक्त सेंसर जोड़े या बैटरी लाइफ से समझौता किए बिना हियरेबल्स डिवाइस के साथ हार्ट की निगरानी के लिए ऑडियोप्लेथिस्मोग्राफी (एपीजी) का सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया है, जो हार्ट रेट को मापने के लिए अल्ट्रासाउंड का उपयोग करता है।



टीम ने 153 प्रतिभागियों के साथ स्टडी के दो राउंड आयोजित किए। परिणाम दिखाते हैं कि एपीजी लगातार सटीक हृदय गति (सभी गतिविधि परिदृश्यों में प्रतिभागियों में 3.21 प्रतिशत औसत त्रुटि) और हृदय गति परिवर्तनशीलता (अंतर-बीट अंतराल में 2.70 प्रतिशत औसत त्रुटि) माप प्राप्त करता है। लोग अक्सर हेडफोन और ईयरबड न केवल म्यूजिक सुनने के लिए पहनते हैं, बल्कि व्यायाम करने, फोकस करने या सिर्फ मूड एडजस्ट करने के लिए भी पहनते हैं। गूगल शोधकर्ताओं ने एक ब्लॉग पोस्ट में कहा, हमने एक नोवल एक्टिव इन-इयर हेल्थ सेंसिंग मोडेलिटी पेश की है। एपीजी अतिरिक्त सेंसर जोड़ने या बैटरी लाइफ से समझौता किए बिना, एएनसी हियरेबल्स को यूजर्स के फिजियोलॉजिकल सिंगनल्स, जैसे हृदय गति और हृदय गति परिवर्तनशीलता की निगरानी करने में सक्षम बनाता है। एपीजी सीमा से 80 डीबी मार्जिन के साथ सुरक्षा नियमों का पालन करता है, और इसमें सभी स्किन टोन शामिल हैं। अपने प्रारंभिक प्रयोगों के दौरान, उन्होंने देखा कि एपीजी खराब ईयरबड्स सील और म्यूजिक बजाने के साथ मजबूती से काम करता है। टीम ने कहा, हमने देखा कि एपीजी सिग्नल कभी-कभी बहुत शोर कर सकता है और बॉडी मोशन से काफी बिगड़ भी सकता है। उस समय, हमने तय किया कि एपीजी को उपयोगी बनाने के लिए, हमें 80 से ज्यादा सालों के पीपीजी डेवलपमेंट के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए इसे और अधिक मजबूत बनाना होगा। शोधकर्ताओं ने कहा कि एपीजी एक साधारण सॉफ्टवेयर अपग्रेड के साथ किसी भी टीडब्ल्यूएस एएनसी हेडफोन को स्मार्ट सेंसिंग हेडफोन में बदल देता है, और विभिन्न उपयोगकर्ता गतिविधियों में मजबूती से काम करता है।

# आईफोन यूजर्स अधिक करते हैं स्मार्टफोन का इस्तेमाल



**सैन फ्रांसिस्को (आईएएनएस)।** आईफोन यूजर अपने डिवाइस को एंड्रॉइड स्मार्टफोन यूजर्स की तुलना में कम से कम दो साल या उससे अधिक समय तक अपने पास रखते हैं। इसका खुलासा एक नई रिपोर्ट में किया गया। अमेरिका में लगभग 61 प्रतिशत आईफोन खरीदारों ने अपने पिछला आईफोन दो साल या उससे अधिक समय तक इस्तेमाल किया, जबकि एंड्रॉइड फोन यूजर्स के मामले में यह अनुपात 43 प्रतिशत रहा। कंज्यूमर इंटेलिजेंस रिसर्च पार्टनर्स के आंकड़ों के अनुसार, एंड्रॉइड मालिकों (21 प्रतिशत) की तुलना में कहीं अधिक आईफोन मालिकों (29 प्रतिशत) के पास अपना पिछला आईफोन तीन साल या उससे अधिक समय से है।

इसके विपरीत, लगभग एक चौथाई एंड्रॉइड मालिकों की तुलना में बहुत कम आईफोन मालिकों (10 प्रतिशत) के पास एक साल या उससे कम समय के लिए अपना पिछला आईफोन था। रिपोर्ट में कहा गया, आईफोन मालिक अधिक समृद्ध और अधिक तकनीक/फैशन के प्रति जागरूक हैं, और एंड्रॉइड मालिक बजट के प्रति जागरूक हैं। इससे एंड्रॉइड खरीदारों को अधिक तेजी से अपग्रेड करने की संभावना बढ़नी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं है। एंड्रॉइड फोन कम महंगे होते हैं, इसलिए एंड्रॉइड मालिक अपेक्षाकृत नया फोन लेने के लिए अधिक इच्छुक हो सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया, आईफोन मॉडल को साल में एक बार अपग्रेड किया जाता है, इसलिए नया फोन खरीदने के लिए एक ही एनुअल कैटालिस्ट होता है। इसके विपरीत, एंड्रॉइड बाजार में, सैमसंग, गूगल, मोटोरोला और कई अन्य ब्रांड कम से कम सालाना नए फोन जारी करते हैं। वहीं, एंड्रॉइड बाजार में ब्रांड के प्रति वफादारी है, अपग्रेड करने पर विचार करने के लिए और भी मौके हैं। रिपोर्ट में कहा गया, हो सकता है कि आईफोन अधिक टिकाऊ और विश्वसनीय हो, इसलिए लॉन्ग टर्म तक यूजर्स एक्सपीरियंस बेहतर रहता है। या हो सकता है कि कुछ आईफोन मालिक आसानी से संतुष्ट हों, अपने पुराने आईफोन से सहज हों और लेटेस्ट मॉडलों में उनकी कोई दिलचस्पी न हो।

- आईफोन मॉडल को साल में एक बार अपग्रेड किया जाता है, इसलिए नया फोन खरीदने के लिए एक ही एनुअल कैटालिस्ट होता है

काउंटरप्वाइंट रिसर्च के अनुसार, आईफोन 15 सीरीज की सीमित उपलब्धता के बावजूद, इस साल तीसरी तिमाही में एप्पल की वैश्विक स्तर पर 16 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी थी, जिसे अब तक अच्छी प्रतिक्रिया मिली है।

## रजनीकांत, अमिताभ ने 'ज्ञानवेल' की शूटिंग की



**मुंबई (भाषा)।** अभिनेता रजनीकांत और अमिताभ बच्चन ने रविवार को टीजे ज्ञानवेल की आगामी फिल्म की मुंबई में शूटिंग पूरी कर ली। फिल्म के नाम की अब तक घोषणा नहीं की गई है।फिल्म निर्माण कंपनी लाइका प्रोडक्शंस के बैनर तले बन रही यह एक मनोरंजक फिल्म है। बच्चन और रजनीकांत ने आखिरी बार 1991 में रिलीज हुई फिल्म 'हम' में एक साथ काम किया था। दोनों ने 25 अक्टूबर को आगामी फिल्म की शूटिंग शुरू की थी। लाइका प्रोडक्शंस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'जब सुपरस्टार और शहंशाह, थलाइवर 170 के सेट पर मिले। 33 साल बाद दोनों दिग्गजों का फिल्म के सेट पर पुनर्मिलन हुआ।' आगामी फिल्म की घोषणा इस साल मार्च में की गई थी। इसमें फहद फासिल, राणा दग्गुबाती, रितिका सिंह, मंजू वारियर और दुशारा विजयन भी नजर आएंगे। फिल्म के निर्माता ए. सुभाषकरण हैं और इसमें अनिरुद्ध रविचंदर ने संगीत दिया है।

## हीरो नंबर1 में टाइगर व दिशा की जोड़ी




**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ और अभिनेत्री दिशा पाटनी की जोड़ी फिल्म हीरो नंबर 1 में नजर आयेगी। टाइगर श्रॉफ और दिशा पाटनी न 'बागी 2' और 'बागी 3' में साथ काम किया है।टाइगर और दिशा की जोड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर धमाल मचाती नजर आएगी। निर्देशक जगन शक्ति ने बताया कि टाइगर श्रॉफ और दिशा पाटनी की जोड़ी एक बार फिर फैंस को देखने को मिलेगी। पहले सारा अली खान को लीड एक्ट्रेस के लिए साइन किया गया था। लेकिन अब उनकी जगह दिशा पाटनी को साइन किया गया है। दिशा पाटनी एक्शन सीन्स करने के लिए बिलकुल फिट हैं। सारा इस फिल्म का हिस्सा जरूर थीं, लेकिन उनके साथ डेट्स मैच नहीं हुई। ऋतिक रोशन की कजिन पश्मिना रोशन भी फिल्म हीरो नंबर 1 का हिस्सा होंगी। उन्हें पैरलल लीड के तौर पर साइन किया गया है।फिल्म की शूटिंग लंदन में होगी।

## एंजेलिना ने की आईडीएफ व हमास की निंदा



लॉस एंजेल्स (आईएएनएस)। एक्ट्रेस एंजेलिना जोली ने आईडीएफ (इस्त्राइली रक्षा बल) और आतंकवादी संगठन हमास दोनों की निंदा की है, जिसने गाजा के पूरे क्षेत्र को तबाह कर दिया है और चल रहे युद्ध के साथ पूरी दुनिया के लिए चिंताजनक स्थिति पैदा कर दी है। ऑस्कर विजेता अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर लिखा, दुनिया भर के लाखों लोगों की तरह मैंने भी पिछला सप्ताह इस्त्राइल में आतंकवादी हमले में कई निर्दोष नागरिकों की मौत पर शोक व्यक्त करते हुए बिताया है और सोच रही थी कि कैसे मदद की जाए। मैं भी प्रत्येक बंधक की तत्काल, सुरक्षित वापसी और उन परिवारों के लिए प्रार्थना कर रही हूं, जो किसी प्रियजन की हत्या का अकल्पनीय दर्द झेल रहे हैं। सबसे खौफनाक बात यह है कि बच्चों की हत्या कर दी गई और कई बच्चे अब अनाथ हो गए हैं।

## 'जापान' में कार्ती का नया अंदाज



**चेन्नई (आईएएनएस)।** तमिल स्टार कार्ती की अपकमिंग फिल्म 'जापान' का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। फिल्म के ट्रेलर में अभिनेता को एक सनकी, जानलेवा, रोमांच चाहने वाला और अहंकारी के एक नए अवतार में दिखाया गया है। ट्रेलर की शुरुआत समुद्र के किनारे एक गांव के इलाके में बहुत ही सरल अंदाज में होती है, जहां कार्ती का किरदार 'जापान' एक युवा मछली की कहानी सुनाता है जो अपने भोजन के लिए बिच्छू, मगरमच्छ, केकड़े जैसे छेद खोदना शुरू कर देती है। इससे पहले कि उसे पता चलता, मछली ने इतने गड्ढे खोद डाले कि वह व्हेल में तब्दील हो गई। इससे कार्ती का किरदार खुद को अंडरवर्ल्ड में ऊपर उठाता है क्योंकि उसे जल्द ही चोरी की लत लग जाती है। अपने करियर की अब तक की सबसे बड़ी डकैती को अंजाम देते हुए, जापान ने अपनी डकैती में 200 करोड़ रुपये से अधिक की लूट की।

## संक्षिप्त खबरें

### टीवीएस क्रेडिट का लाभ बढ़ा

चेन्नई। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी टीवीएस क्रेडिट सर्विसेज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी जुलाई-सितम्बर तिमाही का शुद्ध लाभ 40 प्रतिशत बढ़कर 134 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। एक साल पहले समान तिमाही में कंपनी ने 96 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। कंपनी ने रविवार को कहा कि 30 सितम्बर, 2023 को समाप्त छमाही में उसका शुद्ध लाभ 252 करोड़ रुपये रहा है। सितंबर, 2023 तक कंपनी के प्रबंधन के तहत संपत्तियां पिछले वर्ष की समान अवधि के 20,602 करोड़ रुपये से बढ़कर 23,516 करोड़ रुपये हो गई। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी की कुल आय 1,399 करोड़ रुपये रही।

### ब्रांड ऐम्पेसडर बने धोनी

नई दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने पूर्व क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को अपना ब्रांड एम्बैसडर नियुक्त किया है। बैंक ने एक बयान में कहा कि एसबीआई के ब्रांड एम्बैसडर के तौर पर धोनी विभिन्न विपणन और प्रचार अभियानों में प्रमुख भूमिका निभाएंगे। यान के अनुसार, तनावपूर्ण स्थितियों में संयम बनाए रखने की उनकी उल्लेखनीय क्षमता और स्पष्ट सोच और दबाव में त्वरित निर्णय लेने की उनकी प्रसिद्ध क्षमता उन्हें देशभर में अपने ग्राहकों और हितधारकों के साथ जुड़ने के लिए एसबीआई के साथ आदर्श विकल्प बनाती है। एसबीआई ने कहा कि यह सहयोग विश्वसनीयता और नेतृत्व के मूल्यों को दर्शाते हुए अपने ग्राहकों के साथ गहरे संबंध बनाने की बैंक की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। एसबीआई के चेयरमैन दिनेश खारा ने कहा, 'इस साझेदारी के साथ हमारा लक्ष्य ग्राहकों की सेवा करने की अपनी प्रतिबद्धताओं को मजबूत करना है।"

### जियो मार्ट पर मिठाइयां भी

नई दिल्ली। फेस्टिव सीजन में जियोमार्ट ने मिठाइयों के साथ ड्राई फ्रूट्स की प्रीमियम रेंज की पेशकश की है। जियोमार्ट पर बड़ी आसानी से आनलाइन मिठाइयां खरीद जा सकती हैं। मिठाइटों की कीमत 299/- रुपये से शुरू होती है। त्योहारों के मद्देनजर सभी तरह के ड्राई फ्रूट्स पर 50□ तक की छूट भी दी जा रही है। एथनिक वियर, फुटिवयर और एसेसरीज की एक बड़ी रेंज भी जियो मार्ट पर उपलब्ध है। इसके अलावा हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट्स कैटेगरी में बेहतरीन प्रोडक्ट्स की एक बड़ी रेंज भी उपलब्ध है। साथ ही सबसे अच्छे गिफ्ट के विकल्पों में स्मार्टफ़ोन अभी भी सबसे ऊपर है। जियोमार्ट में स्मार्टफ़ोन और एसेसरीज़ पर 80% तक की छूट दी जा रही है।(एजेंसियां)

# दुनिया में सबसे सस्ती दूरसंचार सेवाएं देता रहेगा भारत

■ केंद्रीय दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णण ने दिलाया भरोसा ■ 5जी सेवाओं की लागत अभी नहीं निकाल पाई हैं कंपनियां

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि सरकार चाहती है कि भारत में दूरसंचार सेवाएं दुनिया में सबसे सस्ती बने रहे।

दूरसंचार उद्योग के संगठन सेल्युलर आपरेटर्स एसोसिएशन आफ इंडिया (सीओएआई) के अनुसार, दूरसंचार कंपनियां पिछले साल शुरू हुई 5जी सेवा का मौद्रीकरण नहीं कर पाई हैं। वैष्णव ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी)-2023 के दौरान पीटीआई-भाषा से साक्षात्कार में कहा, 'सरकार की ओर से हम पूरी तरह स्पष्ट हैं। हम चाहेंगे कि दूरसंचार सेवा पूरी दुनिया में सबसे सस्ती बनी रहे। आज सभी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत का दूरसंचार क्षेत्र सबसे किफायती है।'

विश्लेषकों के अनुसार, दूरसंचार परिचालकों को 5जी नेटवर्क के निर्माण में किए जा रहे निवेश को निकालने के लिए अगले तीन साल में प्रति ग्राहक औसत कमाई (एआरपीयू) को 270-300 रुपये करने की जरूरत होगी। वर्तमान में भारत में एआरपीयू 140-200 रुपये के बीच है, जबकि वैश्विक औसत 600-850 रुपये है और चीन में यह लगभग 580 रुपये है।

दूरसंचार कंपनियां मांग कर रही हैं कि उनके नेटवर्क पर बड़ा 'ट्रैफिक' उत्पन्न करने वाले 4-5 ऐप को नेटवर्क लागत की भरपाई के लिए भारत से उत्पन्न कारोबार के आधार पर राजस्व भागीदारी करनी चाहिए। चार मोबाइल सेवाप्रदाताओं में से अभी भारती एयरटेल और रिलायंस जियो ने 5जी सेवाएं शुरू की हैं और 5जी नेटवर्क में उनका संयुक्त निवेश स्पेक्ट्रम की लागत सहित लगभग तीन लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

दोनों कंपनियों ने अभी तक 5जी डेटा उपयोग के लिए शुल्क लेना शुरू नहीं किया है। वहीं कर्ज में डूबी वोडाफोन आइडिया के गैर-कार्यकारी अतिरिक्त निदेशक कुमार मंगलम बिड़ला ने कार्यक्रम में घोषणा की कि कंपनी आने वाली तिमाहियों में 5जी नेटवर्क शुरू करने और 4जी का विस्तार करने के लिए बड़ा निवेश करेगी।

वैष्णव ने कहा कि बीएसएनएल 4जी नेटवर्क शुरू कर रही है जिसे दिवाली के बाद बढ़ाया जाएगा और बाद में इसे 5जी नेटवर्क में उन्नत किया जाएगा। भारत की 6जी को लेकर रूपरेखा संबंधी सवाल पर वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारतीय दूरसंचार क्षेत्र के लिए 6जी में अगुवा की भूमिका हासिल करने का लक्ष्य तय किया है।

उन्होंने कहा कि 'भारत 6जी' दृष्टिकोण को अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ द्वारा मान्यता दी गई है। यह वैश्विक दूरसंचार मानदंड तय करने वाला संयुक्त राष्ट्र का निकाय है।

दूरसंचार मंत्री ने कहा कि उद्योग, शिक्षा जगत, छात्रों और सरकार को मिलाकर भारत 6जी गठबंधन बनाया गया है जो 6जी पर काम करेगा।

### भारत हमारे लिए अहम बाजार निवेश तेज करेगी कंपनी : होंडा

**टोक्यो (भाषा)।**

जापान की प्रमुख वाहन कंपनी होंडा मोटर कंपनी लि. अपनी भविष्य की विकास रणनीति के तहत अपने प्रमुख बाजार भारत में निवेश करना जारी रखेगी। इसके साथ ही कंपनी अपने वाहनों के विद्युतीकरण में तेजी लाएगी। कंपनी का लक्ष्य 2050 तक कार्बन निरपेक्षता हासिल करने का है।

कंपनी के अध्यक्ष एवं सीईओ तोशीहिरो मिबे ने भारतीय पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा, 'वैश्विक स्तर पर होंडा अन्य कंपनियों के साथ गठजोड़ और सहयोग के लिए तैयार है। लेकिन यह गठजोड़ परिवहन के क्षेत्र में सभी के लिए लाभ का होना चाहिए। उन्होंने कहा, "हमारी रणनीति 2050 तक कार्बन निरपेक्षता हासिल करने की है।

# बिग एफएम के लिए रेडियो मिर्ची और आरेंज ने मिलकर लगाई बोली

■ दोनों कंपनियों ने ₹251 करोड़ की लगाई बोली

**नई दिल्ली (भाषा)।**

अग्रणी एफएम रेडियो नेटवर्क रेडियो मिर्ची और रेडियो आरेंज के गठजोड़ ने बिग एफएम रेडियो नेटवर्क का अधिग्रहण करने के लिए 251 करोड़ रुपये की बोली लगाई है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

रेडियो मिर्ची एंटरटेनमेंट नेटवर्क इंडिया लिमिटेड (ईएनआईएल) का एक हिस्सा है।

■ बिग एफएम रेडियो चैनल का निकल चुका है दिवाला
■ कंपनी के लिए हाल ही में शुरू की गई है दिवाला की प्रक्रिया
■ कंपनी पर एलएंटी का बकाया है 175 करोड़ रुपये का कर्ज
■ हरियाणा के सफायर एफएम ने भी लगाई है 251 करोड़ रुपए की बोली




हरियाणा स्थित सफायर एफएम ने भी बिग एफएम के अधिग्रहण के लिए 251 करोड़ रुपये की ही बोली लगाई है। बोलीदाताओं से तत्काल टिप्पणी के लिए कोई संपर्क नहीं किया जा सका। प्रक्रिया से जुड़े सूत्रों ने बताया कि ऋणदाता बोलीदाताओं से अपनी बोलियों बढ़ाने को कह सकते हैं।

रेडियो मिर्ची और आरेंज के गठजोड़ तथा सफायर एफएम ने बोली की राशि 30 दिन में चुकाने की पेशकश की है।

उन्होंने बताया कि कंपनी के खातों में पड़ी 60 करोड़ रुपये की नकदी भी ऋणदाताओं मो मिलेगी। बिग एफएम दिवाला प्रक्रिया में है। बिग एफएम का स्वामित्व रिलायंस ब्राडकास्ट नेटवर्क लिमिटेड (आरबीएनएल) के पास है। 58 स्टेशनों के साथ यह देश का सबसे बड़ा रेडियो नेटवर्क है और 1,200 से अधिक शहरों तथा 50,000 से अधिक गांवों तक इसकी पहुंच है। एलएंडटी इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट लिमिटेड की ओर से आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज द्वारा दायर दिवाला आवेदन के अनुसार, आरबीएनएल 175 करोड़ रुपये का कर्ज चुकाने में विफल रही है।

### एक्सिस बैंक के पास कारोबार बढ़ाने को पर्याप्त पूंजी : एमडी

**नई दिल्ली (भाषा)।**

एक्सिस बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमिताभ चौधरी ने कहा है कि बैंक के पास अपने कारोबार की वृद्धि के वित्तपोषण के लिए पर्याप्त पूंजी है।

उन्होंने कहा कि बैंक का ऋण खंड उद्योग के औसत से अधिक बढ़ने की उम्मीद है। यह इस वित्त वर्ष में सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के लिए उद्योग की तुलना में चार से छह प्रतिशत अधिक होगा। चौधरी ने बताया कि कारोबार वृद्धि के वित्तपोषण के लिए बैंक के पास चालू वित्त वर्ष में अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त पूंजी है।

उन्होंने कहा, 'लाभ सहित हमारा समग्र पूंजी पर्याप्तता अनुपात 14.56 प्रतिशत के सीईटी एक अनुपात के साथ 17.84 प्रतिशत रहा। एक्सिस बैंक अपने कारोबार की वृद्धि के वित्तपोषण के लिए पूंजी संरचना के साथ अच्छी तरह से पूंजीकृत है।' इस साल मार्च में एक्सिस बैंक ने सिटीबैंक के उपभोक्ता व्यवसाय और एनबीएफसी उपभोक्ता कारोबार का अधिग्रहण पूरा किया है।

# एनपीएस से निकासी के लिए 'पेनी ड्राप' अनिवार्य


■ इससे फंड ट्रांसफर में होगी आसानी ■ खाते का वैरिफिकेशन भी होगा आसान

**क्या है पेनी ड्राप**

'पेनी ड्राप' के तहत पेंशन विभाग द्वारा पेंशनधारक के खाते में एक या दो रुपए ट्रांसफर करके यह मिलान किया जाता है कि उसने जो कागज पेंशन आफिस में जमा किये हैं वही बैंक में भी जमा किए हैं या नहीं

**नई दिल्ली (भाषा)।**

पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत धन निकासी को अंशधारकों के लिए 'पेनी ड्रॉप' सत्यापन अनिवार्य कर दिया है। इससे अंशधारकों के पैसे का समय पर हस्तांतरण सुनिश्चित होगा।




'पेनी ड्रॉप' प्रक्रिया के तहत, रिकार्ड रखने वाली केंद्रीय एजेंसियां (सीआरए) बैंक बचत खाते की सक्रिय स्थिति देखती हैं और बैंक खाता संख्या और 'प्रान' (स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या) या दाखिल किए गए दस्तावेजों में दिए गए नाम का मिलान करती हैं। ये प्रावधान एनपीएस, अटल पेंशन योजना (एपीवाई) और एनपीएस लाइट में सभी प्रकार की निकासियों के साथ-साथ ग्राहकों के बैंक खाता विवरणों में बदलाव के लिए लागू होंगे। लाभार्थी के बैंक खाते में एक छोटी राशि डालकर और पेनी ड्रॉप प्रतिक्रिया के आधार पर नाम का मिलान करके 'परीक्षण लेनदेन' करके खाते की वैधता सत्यापित की जाती है।

पीएफआरडीए की एक हालिया अधिसूचना के अनुसार, 'नाम मिलान, निकास/निकासी आवेदनों को संसाधित करने और ग्राहक के बैंक खाते के विवरण को संशोधित करने के लिए पेनी ड्रॉप सत्यापन आवश्यक रूप से सफल होना चाहिए।'

# भारत ने WTO में उठाया ई कामर्स की स्पष्ट परिभाषा का मुद्दा

**नई दिल्ली (भाषा)।**

भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के सदस्य देशों से वस्तुओं तथा सेवाओं में ई-कामर्स व्यापार की स्पष्ट परिभाषा पर काम करने का आग्रह किया है, जिससे विकासशील देशों को तेजी से बढते क्षेत्र पर फैसले करने में मदद मिलेगी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

वर्तमान में विश्व व्यापार संगठन के विकसित और विकासशील सदस्य देशों के बीच इस विषय को लेकर सहमति नहीं है। जिनेवा में पिछले सप्ताह डब्ल्यूटीओ सदस्यों के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक के दौरान यह मुद्दा उठा।

अधिकारी ने कहा, 'भारत ने कहा कि डिजिटल वस्तुओं और सेवाओं के बारे में परिभाषा स्पष्ट होनी चाहिए क्योंकि सीमा शुल्क वस्तुओं पर लगता है,



सेवाओं पर नहीं। पश्चिमी देश कोई सीमा शुल्क नहीं चाहते और दूसरी ओर विकासशील देश शुल्क लगाने के लिए नीति चाहते हैं।'

सीमा शुल्क घरेलू उद्योगों की रक्षा करने में मदद करते हैं और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले (एमएसएमई) उद्यम की वृद्धि के लिए नीतिगत समर्थन प्रदान करते हैं।

हालांकि, डब्ल्यूटीओ के कुछ सदस्य 1998 से ई-कामर्स के मुद्दे पर चर्चा कर रहे हैं, लेकिन इस विषय की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है। 80 देशों का एक समूह इस विषय को लेकर एक समझौते पर चर्चा कर रहा है लेकिन भारत उसका हिस्सा नहीं है।

अमेरिका ने भी हाल ही में डब्ल्यूटीओ में ई-कॉमर्स पर वैश्विक नियम बनाने की वार्ता से खुद को अलग कर लिया था।

# किसी भी स्रोत से पैदा की गई बिजली पर कर या शुल्क लगाने का हक राज्यों का नहीं

■ केंद्र ने कहा, ऐसा करना पूरी तरह से गैरकानूनी



**नई दिल्ली (भाषा)।**

केंद्र सरकार ने कहा है कि राज्यों के पास किसी भी स्रोत जैसे कोयला, जल, पवन या सौर से उत्पन्न बिजली पर कोई कर या शुल्क लगाने का अधिकार नहीं है और इस तरह का कोई भी शुल्क गैरकानूनी और असंवैधानिक है।

केंद्रीय बिजली मंत्रालय ने 25 अक्टूबर को एक परिपत्र में कहा कि केंद्र के संज्ञान में आया है कि कुछ राज्य सरकारों ने विकास शुल्क/शुल्क/कोष की आड़ में विभिन्न स्रोतों से बिजली उत्पादन पर अतिरिक्त शुल्क लगाया है। इसमें कहा गया है, 'बिजली उत्पादन पर किसी भी तरह के कर/शुल्क के रूप में इस तरह का अतिरिक्त शुल्क अवैध और असंवैधानिक है।' संवैधानिक स्थिति पर स्पष्टीकरण देते हुए मंत्रालय ने कहा कि कर/शुल्क लगाने की शक्तियां विशेष रूप से सातवीं अनुसूची में बताई गई हैं।

'सातवीं अनुसूची की सूची-दो प्रविष्टियां-45 से 63 में राज्यों द्वारा कर/शुल्क लगाने की शक्तियों को बताया गया है। कोई भी कर/शुल्क जिसका इस सूची में विशेष रूप से उल्लेख नहीं किया गया है, राज्य सरकारों द्वारा कोई भी 'आड़' लेकर नहीं लगाया जा सकता है। इसका अधिकार केंद्र सरकार के पास है।' सूची-दो (राज्य सूची) की प्रविष्टि-53 राज्यों को अपने अधिकार क्षेत्र में बिजली की खपत या बिक्री पर कर लगाने के लिए अधिकृत करती है। इसमें बिजली उत्पादन पर कोई कर या शुल्क लगाने का अधिकार नहीं है। ऐसा इसलिए है क्योंकि एक राज्य के क्षेत्र के भीतर उत्पन्न बिजली का उपभोग दूसरे राज्यों में किया जा सकता है और किसी भी राज्य के पास दूसरे प्रदेश के लोगों पर कर/शुल्क लगाने का अधिकार नहीं है।'

संविधान का अनुच्छेद-286 स्पष्ट रूप से राज्यों को उन वस्तुओं या सेवाओं की आपूर्ति या दोनों पर कोई कर/शुल्क लगाने से रोकता है, जहां आपूर्ति राज्य के बाहर होती है। साथ ही, अनुच्छेद-287 और 288 केंद्र सरकार द्वारा उपभोग की जाने वाली या सरकार या उसकी एजेंसियों द्वारा उपभोग के लिए केंद्र सरकार को बेची जाने वाली बिजली की खपत या बिक्री पर कर लगाने से रोकता है। इस आदेश में कहा गया है कि संवैधानिक प्रावधानों के मद्देनजर राज्य किसी भी स्रोत मसलन ताप, जल या नवीकरणीय ऊर्जा के उत्पादन या उसकी अंतर-राज्य आपूर्ति पर अतिरिक्त शुल्क/कर नहीं लगा सकते हैं।

### भारत और वियतनाम के बीच व्यापार की अपार संभावनाएं

**हो ची मिन्ह सिटी (भाषा)।**

भारत और वियतनाम ने स्थिर वृद्धि का मार्ग प्रशस्त किया है और दोनों देशों के बीच निवेश एवं व्यापार की अपार संभावनाएं हैं। वियतनाम में भारत के राजदूत संदीप आर्य ने यह बात कही है।

आर्य ने यहां आयोजित पूर्वोत्तर भारत महोत्सव (एनईआईएफ) के मौके पर मीडिया से कहा कि भारत और वियतनाम तेजी से वृद्धि की राह पर आगे बढ़ रहे हैं, इसलिए दोनों देश के बीच द्विपक्षीय व्यापार तथा निवेश बढ़ाने के लिए बुनियादी ढांचे, विनिर्माण व संपर्क पर जोर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच व्यापार में लगातार वृद्धि देखी गई है और कुल व्यापार 15 अरब डालर का है।

# तिमाही नतीजों से तय होगी बाजार की दिशा

■ ब्याज दरों पर फेडरल रिजर्व के फैसले का भी बाजार पर रहेगा असर

**शेयर समीक्षा**

**नई दिल्ली (भाषा)।**

अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय, वैश्विक रुझान, वृहद आर्थिक आंकड़े तथा कंपनियों के तिमाही नतीजों से इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की गतिविधियां और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें भी बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण रहेंगी।

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, 'सभी की निगाहें एक नवंबर को फेडरल रिजर्व की बैठक के नतीजों पर है। विशेषरूप से अमेरिका में बांड पर प्रतिफल कई साल के उच्चस्तर पर पहुंचने के मद्देनजर बैठक के नतीजे और महत्वपूर्ण हो जाते हैं। इसके अलावा बैंक आफ जापान के नीतिगत निर्णय पर भी बारीकी से नजर रखी जाएगी।' उन्होंने कहा, 'इन प्रमुख घटनाक्रमों के अलावा वैश्विक कारक भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। अमेरिका और चीन के आर्थिक आंकड़ों के अलावा लगातार बदलती भू-राजनीतिक स्थिति से भी बाजार धारणा प्रभावित होगी।' इस सप्ताह अडाणी ग्रीन एनर्जी, डीएलएफ, टीवीएस मोटर कंपनी, भारती एयरटेल, गेल, हीरो मोटोकॉर्प, टाटा स्टील, अडाणी एंटरप्राइजेज, टाटा मोटर्स और इंटरग्लोब एविएशन के तिमाही नतीजे आने हैं।

उन्होंने कहा कि घरेलू मोर्चे पर कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजे फर्मों की वित्तीय सेहत की तस्वीर पेश करेंगे। वाहन कंपनियों के मासिक बिक्री आंकड़ों पर भी सभी की निगाह रहेगी। इससे दशहरा त्योहार के दौरान वाहनों की मांग का पता चलेगा। मास्टर कैपिटल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह नंदा ने कहा, 'विनिर्माण और सेवा पीएमआई आंकड़ों, चीन के विनिर्माण और गैर-विनिर्माण पीएमआई, यूरो मुद्रास्फीति और जीडीपी आंकड़ों, कच्चे तेल के भंडार, ब्रिटेन के विनिर्माण पीएमआई, अमेरिका के विनिर्माण और सेवा पीएमआई, बेरोजगारी भत्ते, गैर-कृषि रोजगार, बेरोजगारी दर और फेडरल रिजर्व के ब्याज दर को लेकर निर्णय पर प्रतिक्रिया देगा।

### एशिया-प्रशांत में कार्यालय स्थल किराये के मामले में दिल्ली-एनसीआर छठा सबसे महंगा बाजार

**नई दिल्ली (भाषा)।**

दिल्ली-एनसीआर एशिया प्रशांत के प्रमुख कार्यालय बाजारों में छठा सबसे महंगा बाजार है। जुलाई-सितम्बर तिमाही में यहां कार्यालय स्थल किराये पर लेने की सालाना लागत 78.4 डालर प्रति वर्ग फुट रही।

रियल एस्टेट सलाहकार फर्म नाइट फ्रैंक के अनुसार, स्थान लागत में



किराया, स्थानीय कर और अन्य शुल्क शामिल होते हैं। नाइट फ्रैंक ने चालू कैलेंडर वर्ष की तीसरी तिमाही के लिए एशिया-प्रशांत का प्रमुख कार्यालय किराया सूचकांक जारी कर दिया है। हांगकांग एसएआर एपीएसी के सबसे महंगे कार्यालय बाजार की सूची में सितम्बर तिमाही में भी सबसे ऊपर बना हुआ है। इसकी स्थान लागत 164.7 डालर प्रति वर्गफुट है। मुंबई 70.5 डालर प्रति वर्गफुट के साथ इस सूची में नौवें स्थान पर है।

एक अन्य भारतीय शहर बेंगलुरु 36.1 डालर वर्गफुट की दर से 23 शहरों की इस सूची में 19वें स्थान पर है। सिंगापुर इस सूची में दूसरे स्थान पर है। इसके बाद सिडनी, टोक्यो और सियोल हैं। बीजिंग सातवें स्थान पर है, हो ची मिन्ह सिटी आठवें और शंघाई 10वें स्थान पर है।

# भारत में तेजी से बढ़ रहे हैं लक्जरी घरों के कद्रदान

■ हैदराबाद में लक्जरी घरों की बिक्री तीन गुना बढ़ी ■ दिल्ली-एनसीआर में दोगुनी हुई ऐसे घरों की बिक्री

**नई दिल्ली (भाषा)।**

दिल्ली-एनसीआर में चालू साल के पहले नौ माह जनवरी-सितम्बर के दौरान 1.5 करोड़ रुपये अधिक कीमत के लक्जरी घरों की बिक्री दोगुना होकर 13,630 इकाई रही है। रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

पिछले साल की समान अवधि में दिल्ली-एनसीआर में लक्जरी घरों की बिक्री 6,210 इकाई रही थी। एनारॉक ने सात बड़े शहरों में लक्जरी घरों की बिक्री के आंकड़े जारी किए हैं। इस साल जनवरी-सितम्बर के दौरान सात प्रमुख शहरों में लक्जरी आवासीय इकाइयों की बिक्री दोगुना से अधिक होकर 84,400 इकाई रही है, जो पिछले साल की समान अवधि में 39,300 इकाई थी।

एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा कि कोविड महामारी के बाद मांग बढ़ने से लक्जरी आवासीय खंड तेजी से बढ़ रहा है। इस खंड में आपूर्ति भी बेहतर हुई है। कोविड के बाद अपना घर रखने की अवधारणा भी मजबूत हुई है। इसके अलावा लोग अब बड़ा और बेहतर घर खरीद रहे हैं।



एनारॉक के आंकड़ों के अनुसार, हैदराबाद में इस साल जनवरी-सितम्बर के दौरान लक्जरी घरों की बिक्री तीन गुना होकर 13,630 इकाई हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 3,790 इकाई रही थी।

समीक्षाधीन अवधि में बेंगलुरु में लक्जरी घरों की बिक्री 3,810 से बढ़कर 9,220 इकाइयों पर पहुंच गई। मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में लक्जरी आवासीय इकाइयों की बिक्री 74 प्रतिशत बढ़कर 20,820 से 36,130 इकाई हो गई। पुणे में लक्जरी घरों की बिक्री 2,350 इकाई से लगभग तीन गुना होकर 6,850 इकाइयों पर पहुंच गई। चेन्नई में लक्जरी घरों की बिक्री 1,370 से बढ़कर 3,330 इकाई हो गई।

इस साल जनवरी-सितंबर के दौरान कोलकाता में लक्जरी घरों की बिक्री 69 प्रतिशत बढ़कर 1,610 इकाई हो गई, जो पिछले साल की समान अवधि में 950 इकाई थी। सभी मूल्य वर्गों को शामिल करते हुए एनारॉक के आंकड़ों से पता चलता है कि इस साल के पहले नौ माह में इन सात शहरों में कुल 3.49 लाख घर बेचे गए। इसमें लक्जरी घरों की हिस्सेदारी 24 प्रतिशत थी। पिछले साल इसी अवधि में कुल बिक्री में लक्जरी घरों की हिस्सेदारी सिर्फ 14 प्रतिशत थी।



# भारत की लगातार छठी जीत, 100 रन से जीता मैच
# वर्ल्ड कप में इंग्लैंड को 20 साल बाद हराया

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

भारत ने आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में रविवार को यहां इंग्लैंड को 100 रन से हराकर लगातार छठी जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह लगभग पक्की कर ली। भारत ने वर्ल्ड कप में इंग्लैंड को 20 साल बाद हराया। भारत के 230 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम शमी (चार विकेट), बुमराह (तीन विकेट) और कुलदीप यादव (दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 34.5 ओवर में 129 रन पर ढेर हो गई।

इस जीत से भारत छह मैच में छह जीत से 12 अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गया है जबकि इंग्लैंड की टीम छह मैच में एक जीत से सिर्फ दो अंक के साथ अंतिम पायदान पर चल रही है और नॉकआउट की दौड़ से लगभग बाहर हो गई है। रोहित ने इससे पहले 87 रन की पारी खेलने के अलावा लोकेश राहुल (39) के साथ चौथे विकेट के लिए 91 रन जोड़कर भारत का स्कोर नौ विकेट पर 229 रन तक पहुंचाया।

### रोहित ने गेल की बराबर की

रोहित ने क्रिस गेल के एक कैलेंडर ईयर में सबसे अधिक वनडे छक्के लगाने के मामले में बराबरी कर ली। यह उनका 56वां छक्का रहा। अब उनसे सिर्फ एबी डिविलियर्स ही आगे हैं। साउथ अफ्रीका के विस्फोटक ओपनर के नाम एक कैलेंडर ईयर में 58 छक्के दर्ज हैं। इस बीच गिल, विराट, श्रेयस और केएल राहुल के विकेट गिरे, लेकिन रोहित के बल्ले से रनों का अंबार नहीं रुका।

### 13 रन से शतक से चूके हिटमैन

रोहित शर्मा ने इस बीच विश्व कप में अपने दूसरे और ओवरऑल 8वें शतक की ओर बढ़ते दिख रहे थे, लेकिन लियाम लिविंगस्टोन ने कमाल का कैच लपकते हुए हिटमैन की पारी पर विराम लगा दिया। उन्होंने 101 गेंदों में 10 चौके और 3 छक्के बनाते हुए 87 रन की पारी खेली। यह कैच इतना कमाल का था कि किसी को यकीन नहीं हो रहा था कि लियाम ने कैसे लपका। उन्होंने आदिल रशीद की गेंद पर स्लाइड करते हुए अपना घुटना चोटिल करवा लिया। हालांकि, कैच साफ रहा।



### शतक का रिकॉर्ड बनाना था 'जीरो' का बना गए कोहली

विराट कोहली के फैंस रविवार को उनके 49वें शतक का इंतजार कर रहे थे। अगर कोहली शतक बनाते तो सचिन तेंदुलकर की बराबरी कर लेते। तेंदुलकर ने वनडे कॅरियर में 49 शतक बनाए हैं। विराट शतक तो दूर 9 गेंद खेलकर 0 पर आउट हो गए। इस तरह भी कोहली ने सचिन के 34 बार जीरो पर आउट होने की बराबरी की। कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट में 513 मैचों की 569 पारियों में 34वीं बार जीरो पर आउट हुए हैं। जबकि सचिन 664 मैचों की 782 पारी में 34 बार जीरो पर आउट हुए थे।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित का लियाम बो राशिद | 87 | 101 | 10 | 3 |
| शुभमन गिल बो वोक्स | 09 | 13 | 1 | 0 |
| कोहली का स्टोक्स बो विली | 00 | 09 | 0 | 0 |
| श्रेयस अय्यर का वुड बो वोक्स | 04 | 16 | 0 | 0 |
| राहुल का बेयरस्टो बो विली | 39 | 58 | 3 | 0 |
| सूर्यकुमार का वोक्स बो विली | 49 | 47 | 4 | 1 |
| जडेजा पगबाधा बो राशिद | 08 | 13 | 0 | 0 |
| शमी का बटलर बो वुड | 01 | 05 | 0 | 0 |
| जसप्रीत बुमराह रन आउट | 16 | 25 | 1 | 0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 09 | 13 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 07, कुल : 50 ओवर में 229/9
गेंदबाजी : विली 10-2-45-3, वोक्स 9-1-33-2, राशिद 10-0-35-2, वुड 9-1-46-1, लिविंगस्टोन 4-1-29-0, मोईन 8-0-37-0.

| इंग्लैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जॉनी बेयरस्टो बो शमी | 14 | 23 | 2 | 0 |
| डेविड मलान बो बुमराह | 16 | 17 | 2 | 1 |
| जो रूट पगबाधा बो बुमराह | 00 | 01 | 0 | 0 |
| बेन स्टोक्स बो शमी | 00 | 10 | 0 | 0 |
| जोस बटलर बो कुलदीप | 10 | 23 | 1 | 0 |
| मोईन अली का राहुल बो शमी | 15 | 31 | 0 | 0 |
| लियाम पगबाधा बो कुलदीप | 27 | 46 | 2 | 0 |
| वोक्स स्टं राहुल बो जडेजा | 10 | 20 | 1 | 0 |
| डेविड विली नाबाद | 16 | 17 | 0 | 2 |
| आदिल राशिद बो शमी | 13 | 20 | 2 | 0 |
| मार्क वुड बो बुमराह | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 34.5 ओवर में 129/10
गेंदबाजी : बुमराह 6.5-1-32-3, सिराज 6-0-33-0, शमी 7-2-22-4, कुलदीप 8-0-24-2, जडेजा 7-1-16-1.

### हिटमैन रोहित ने बतौर कप्तान खेला 100वां मैच

रोहित शर्मा ने मैदान पर उतरते ही 100 इंटरनेशनल मैचों में भारत की कप्तानी करने वाली खास रिकॉर्ड लिस्ट में अपना नाम दर्ज करा लिया। इसके बाद 18 हजार रन पूरे किए तो एक कैलेंडर ईयर में सबसे अधिक वनडे छक्के लगाने के मामले में क्रिस गेल की बराबरी की।

शीर्ष स्कोरर



क्विंटन डिकॉक
431 रन
दक्षिण अफ्रीका

शीर्ष विकेट टेकर



एडम जम्पा
16 विकेट
ऑस्ट्रेलिया

**वर्ल्ड कप : अंक तालिका**

| टीम | खेले | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| भारत | 6 | 6 | 0 | 12 |
| द. अफ्रीका | 6 | 5 | 1 | 10 |
| न्यूजीलैंड | 6 | 4 | 2 | 8 |
| ऑस्ट्रेलिया | 6 | 4 | 2 | 8 |
| श्रीलंका | 5 | 2 | 3 | 4 |
| पाकिस्तान | 6 | 2 | 4 | 4 |
| अफगानिस्तान | 5 | 2 | 3 | 4 |
| नीदरलैंड्स | 6 | 2 | 4 | 4 |
| बांग्लादेश | 6 | 1 | 5 | 2 |
| इंग्लैंड | 6 | 1 | 5 | 2 |

## खबर संक्षेप



### नीदरलैंड को 'बड़े राष्ट्र' का दर्जा दे आईसीसी

**कोलकाता।** नीदरलैंड के ऑलराउंडर बास डी लीडे ने अपील की कि विश्व कप में दो बड़े उलटफेर करने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को उन्हें 'बड़े राष्ट्र' का दर्जा देना चाहिए। नीदरलैंड वर्तमान विश्व कप में भाग लेने वाला एकमात्र एसोसिएट देश है। उसने धर्मशाला में दक्षिण अफ्रीका को 38 रन से हराकर क्रिकेट जगत को हैरान कर दिया था। इसके बाद उसने शनिवार को यहां बांग्लादेश को 87 से पराजित करके साबित कर दिया कि दक्षिण अफ्रीका पर उसकी जीत महज संयोग नहीं थी।

### बोब्रोव ने जीता दावणगेरे ओपन का खिताब



**देवणगेरे।** बोगदान बोब्रोव ने आईटीएफ देवणगेरे ओपन के फाइनल में रविवार को यहां शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका के निक चैपल को हराकर खिताब जीता। दूसरी वरीयता प्राप्त बोब्राव ने 6-3, 6-7 की जीत के साथ करियर का छठा आईटीएफ खिताब अपने नाम किया। उन्होंने इस जीत से 2160 डॉलर (लगभग 1, 80,000 रुपये) की पुरस्कार राशि और 15 एटीपी अंक हासिल किए। चैपल को पुरस्कार के तौर पर 1272 डॉलर (लगभग एक लाख रुपए) मिले।

### शाकिब ने माना अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन



**कोलकाता।** बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने नीदरलैंड के हाथों 87 रन की हार के बाद स्वीकार किया कि यह विश्व कप में उनका अभी तक का सबसे खराब प्रदर्शन है। बांग्लादेश के सामने 230 रन का अपेक्षाकृत छोटा लक्ष्य था लेकिन उसकी टीम 42.2 ओवर में 142 रन पर आउट हो गई जो उसकी लगातार पांचवीं हार है। इससे वह सेमीफाइनल की दौड़ से लगभग बाहर हो गया है। शाकिब ने कहा, 'आप निश्चित तौर पर ऐसा कह सकते हो (कि यह बांग्लादेश का विश्व कप में सबसे खराब प्रदर्शन है।) मैं इसे असहमत नहीं हूं। मेरे पास इसका जवाब नहीं है कि हमने इस तरह का प्रदर्शन क्यों किया। हमारा क्षेत्ररक्षण खराब था और पूरे टूर्नामेंट में हम वैसी बल्लेबाजी नहीं कर पाए जैसे हमें करनी चाहिए थी। यह बड़ी चिंता का विषय है। आज एक और दिन था जब हमने नीदरलैंड को दो अंक इनाम में दिए।

## 15 देशों के बैडमिंटन खिलाड़ियों का कल से होगा महामुकाबला

### छत्तीसगढ़ इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन स्पर्धा का आयोजन



रायपुर

छत्तीसगढ़ इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन 31 अक्टूबर से 5 नवंबर तक बैडमिंटन के आठ अंतरराष्ट्रीय मापदंडों वाले मोवा के आईस्पोर्ट्स के बैडमिंटन कोर्ट में किया जा रहा है। स्पर्धा में 15 देशों के इंटरनेशनल खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। दूसरी बार राजधानी में यह आयोजन किया जा रहा है। इस बार अमेरिका से लेकर इंग्लैंड, यूक्रेन, इंडोनेशिया, मलेशिया और मालदीव से खिलाड़ियों के बीच महामुकाबला देखने को मिलेगा। विदेशी खिलाड़ियों के लिए विशेष व्यंजन तैयार किए जाएंगे। मेन्यू में विदेशी व्यंजनों को शामिल किया गया है, जिसे आसानी से होटल में बनाया जा सकता है। ऑल इंडिया बैडमिंटन फेडरेशन के सचिव संजय मिश्रा ने बताया कि सीनियर बैडमिंटन स्पर्धा मेन और वूमेन के बीच सिंगल, डबल और मिक्स रूप से प्रतियोगिता होगा। विजेता खिलाड़ियों को बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन की रैंकिंग मिलेगी। इसके अलावा खिलाड़ियों का सिंगल्स व डबल्स का ड्रॉ भी रैंक के हिसाब से ही तय होगा। टूर्नामेंट की एंट्री भी वर्ल्ड रैंक के हिसाब से हुई है। 500 खिलाड़ी टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे।

- पहले दिन यूक्रेन और भारत की होगी भिड़ंत
- 31 से 5 नवंबर तक टूर्नामेंट का आयोजन

### ऑस्ट्रेलिया और थाईलैंड की टीम मजबूत


इंटरनेशनल बैडमिंटन स्पर्धा में भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, कनाडा, इंग्लैंड, इंडोनेशिया, मलेशिया, मालदीव, स्पेन, श्रीलंका, थाईलैंड, युगांडा, यूक्रेन, यूएसए, वियतनाम और जाम्बिया शामिल है। इसमें ऑस्ट्रेलिया और थाईलैंड को मजबूत टीम बताया जा रहा है। पिछली बार भी टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाया था। इसके अलावा भारत की चैंपियन शटलर अनुपमा उपाध्याय और उन्नति हुड्डा भी इस टूर्नामेंट का हिस्सा होंगी। इसके अलावा देश के अन्य वर्ल्ड हाईएस्ट रैंक के खिलाड़ी राजधानी में होने वाली इस स्पर्धा में भाग लेने आएंगे।

### विजेता खिलाड़ियों को मिलेंगे 21 लाख रूपए

स्पर्धा में सिंगल्स का ड्रॉ 64 खिलाड़ियों का रहेगा और डबल्स में ड्रॉ 32 खिलाड़ियों का रहेगा। इसमें सर्वाधिक रैंक वाले ही ड्रॉ में शामिल हो पाएंगे। इसके बाद के खिलाड़ी रिजर्व में रहेंगे। स्पर्धा में जीतने वाले खिलाड़ियों को 21 लाख रुपए मिलेंगे। विदेशी टीमों में सबसे अधिक 30 खिलाड़ी थाईलैंड के हैं। प्रतियोगिता को बैडमिंटन कोर्ट से लाइव देखा जा सकता है।

### छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को मिलेगा मौका

टूर्नामेंट का क्वालीफाइंग राउंड 31 अक्टूबर से 1 नवंबर तक होगा। इसमें वर्ल्ड बैडमिंटन रैंकिंग वाले छत्तीसगढ़ के वेंकट गौरव, जूही, दीक्षा समेत रौनक व अन्य खिलाड़ियों को मौका मिलेगा। इंटरनेशनल टूर्नामेंट के चीफ रैफरी मलेशिया से हैं। इसके अलावा दूसरे देशों के खिलाड़ियों के आने का सिलसिला सोमवार से शुरू हो जाएगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर के 25 तकनीकी अधिकारी भी यहां आएंगे।



### चोटिल कुमारा बाहर चमीरा टीम में शामिल

**पुणे।** श्रीलंका को अफगानिस्तान के खिलाफ सोमवार को होने वाले मैच से पहले बड़ा झटका लगा जब तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा बायीं जांघ की मांसपेशियों में चोट के कारण रविवार को विश्व कप के बाकी मैचों से बाहर हो गये। कुमारा अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हो गए थे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की तकनीकी समिति ने उनके स्थान पर दुशमंत चमीरा को श्रीलंका की टीम में शामिल करने की मंजूरी दे दी है। कुमारा ने श्रीलंका की इंग्लैंड के खिलाफ 8 विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

## वैशाली ने पूर्व विश्व चैंपियन मारिया मुजिचुक को हराया



एजेंसी ▶▶| आइल ऑफ मैन

भारत की आर वैशाली फिडे महिला ग्रैंड स्विस शतरंज प्रतियोगिता के चौथे दौर में यूक्रेन की पूर्व विश्व चैंपियन मारिया मुजिचुक को हराकर 3.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गई हैं। यह प्रतियोगिता विश्व चैंपियनशिप चक्र का हिस्सा है। टूर्नामेंट में अभी सात दौर और खेले जाने बाकी हैं।


वैशाली के अलावा चीन की टेन झोंगयी, यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक और कजाखस्तान की असोबायेवा बिबिसारा भी संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। चेन्नई की रहने वाली इस खिलाड़ी ने शनिवार को अपने आक्रामक कौशल का शानदार नजारा पेश किया और मुजिचुक को केवल 23 चाल में हराया। यूक्रेन की खिलाड़ी ने शुरू में ही प्यादा गंवा दिया था जिससे वह आखिर तक नहीं उबर पाई। वैशाली की यह चार बाजियों में तीसरी जीत है। ओपन वर्ग में ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी की जीत एक समय सुनिश्चित लग रही थी लेकिन आखिर में सर्बिया के एलेक्जेंडर प्रेडके ने उन्हें ड्रॉ पर रोक दिया। इस बीच ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप के पूर्व चैलेंजर स्पेन के एलेक्सी शिरोव को हराकर अपनी लगातार तीसरी जीत हासिल की।

## हार से भारतीय महिला फुटबॉल टीम का पेरिस ओलंपिक का सपना टूटा

एजेंसी ▶▶| ताशकंद

भारतीय महिला फुटबॉल टीम का पेरिस ओलंपिक का सपना रविवार को यहां एएफसी क्वालीफायर टूर्नामेंट के दूसरे दौर के ग्रुप सी मैच में वियतनाम से 1-3 से हारने के बाद टूट गया। भारत अपने पहले मैच में पूर्व विश्व चैंपियन जापान से 0-7 से हार गया था। लगातार दूसरे मैच में हार के साथ भारत एक मैच बाकी रहते 2024 ओलंपिक की दौड़ से बाहर हो गया है।

तीनों ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीमों के साथ दूसरे स्थान की सर्वश्रेष्ठ टीम तीसरे और आखिरी दौर के लिए जगह पक्की करेगी। वियतनाम के लिए हुयेन न्हू (चौथे मिनट), ट्रान ती है लिन्ह (22वें) और फाम है येन (73वें मिनट) ने गोल किया, जबकि संध्या रंगनाथन ने 80वें मिनट में भारत के लिए गोल किया। मैच के चारों गोल हेडर से हुए। भारतीय टीम अगले मैच में बुधवार को मेजबान उज्बेकिस्तान का सामना करेगी।





### जम्मू कश्मीर के क्रिकेटर पर दो साल का बैन

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने जम्मू के रहने वाले युवा क्रिकेटर वंशज शर्मा पर अलग-अलग जन्म तिथियों के साथ कई जन्म प्रमाण पत्र जमा करने के लिए दो साल का प्रतिबंध लगाया है। शर्मा मूल रूप से जम्मू के बिश्नाह के रहने वाले हैं लेकिन वह बाद में बिहार चले गए थे और अभी वहां के राज्य संघ के तहत खेल रहे थे। जम्मू-कश्मीर क्रिकेट संघ के प्रमुख ब्रिगेडियर अनिल गुप्ता ने कहा, 'वह वर्तमान में बिहार क्रिकेट संघ के साथ है। वह जेकेसीए के खिलाड़ी नहीं है।'

### पांच मैच में दो-दो जीत, सेमीफाइनल की दौड़ में शामिल

## करो या मरो मैच में अफगानिस्तान से खेलेगा श्रीलंका

एजेंसी ▶▶| पुणे

लगातार दो जीत से उत्साहित श्रीलंका को वनडे विश्व कप में अपनी उम्मीदें जीवंत रखने के लिए अफगानिस्तान के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में आत्ममुग्धता से बचना होगा। श्रीलंका और अफगानिस्तान ने अभी तक पांच मैच में दो-दो जीत दर्ज किए हैं और वह सेमीफाइनल में जगह बनाने की दौड़ में शामिल हैं। इसके लिए हालांकि उन्हें अपने बाकी बचे सभी मैच जीतने होंगे और अन्य मैच के परिणाम अपने अनुकूल रहने के लिए भी दुआ करनी होगी।

इस मैच में हालांकि एक टीम को ही जीत मिलेगी और ऐसे में दूसरी टीम की संभावना लगभग खत्म हो जाएगी। श्रीलंका ने पहले तीन मैच में पराजय झेलने के बाद अगले दो मैच में जीत दर्ज करके अपनी उम्मीद जगाई है लेकिन वह अगर अफगानिस्तान को कम करके आंकते हैं तो यह उनकी बहुत बड़ी भूल होगी। अफगानिस्तान ने इंग्लैंड और पाकिस्तान को हराकर अपनी क्षमता का अच्छा परिचय दिया है और वह अब श्रीलंका के खिलाफ अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखने की कोशिश करेगा। श्रीलंका को इंग्लैंड के खिलाफ पिछले मैच में लाहिरू कुमारा की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन और मजबूत क्षेत्ररक्षण के कारण जीत मिली। अनुभवी ऑल राउंडर एंजेलो मैथ्यूज के जुड़ने से टीम को मजबूती मिली है। कुमारा के बाहर होने से अन्य गेंदबाजों की जिम्मेदारियां बढ़ गई हैं। दिलशान मदुशंका और कुसान राजिथा ने प्रतियोगिता में अब तक 11 और 7 विकेट लिए हैं और श्रीलंका को अगर अपनी जीत का सिलसिला जारी रखना है तो उन्हें और स्पिनर महेश तीक्षणा को अच्छा प्रदर्शन करना होगा।



### गुरबाज ने बनाए 224 रन

जहां तक अफगानिस्तान की बात है तो उसकी तरफ से अभी तक रहमनुल्लाह गुरबाज ने सर्वाधिक 224 रन बनाए हैं लेकिन इब्राहिम जादरान, हशमतुल्लाह शाहिदी, रहमत शाह ने भी पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया है और वे श्रीलंका के खिलाफ आत्मविश्वास बनाए रखना चाहेंगे। गेंदबाजी में अफगानिस्तान का दारोमदार तेज गेंदबाज नवीन उल हक तथा राशिद खान, मोहम्मद नबी और मुजीब उर रहमान की स्पिन तिकड़ी पर टिका रहेगा।

# पहली बार भाजपा संगठन ने कई पदाधिकारियों को चुनावी समर में झोंका

**रायपुर से**
**राजकुमार ग्वालानी**

छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में भाजपा हर हाल में इस बार जीत प्राप्त करके सत्ता में वापसी करना चाहती है। यही वजह है कि इस बार जीत दिलाने वाले प्रत्याशी मैदान में उतारे गए हैं। इतिहास में पहली बार प्रदेश संगठन के कई बड़े पदाधिकारियों को भी चुनावी समर में झोंका गया है। प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव लड़ना नया नहीं है, लेकिन एक साथ तीन महामंत्रियों के साथ तीन उपाध्यक्ष और प्रदेश के मंत्री भी मैदान में उतारे गए हैं। इसी के साथ कुछ जिलाध्यक्ष, मोर्चा के पदाधिकारी और कई प्रवक्ताओं को भी कमल खिलाने का जिम्मा दिया गया है। यही नहीं पूर्व पदाधिकारियों को भी टिकट देकर मैदान में उतारा गया है।

छत्तीसगढ़ के चुनाव के लिए भाजपा का राष्ट्रीय संगठन बहुत ज्यादा ही गंभीर है। यही वजह है कि यहां पर चुनाव की कमान संभालने का काम खुद केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने किया है। उनके चुनाव की कमान संभालने के बाद यहां पर बड़े चौंकाने वाले फैसले हुए हैं। इसके पीछे का कारण यह है कि भाजपा कोई भी गलती किए बिना इस बार चुनाव जीतना चाहती है। इसके लिए जहां राष्ट्रीय स्तर पर तीन सर्वे हुए, वहीं अमित शाह की टीम ने भी अलग से सर्वे किया। इसके बाद ही टिकट बांटे गए। सर्वे में यह बात भी सामने आई कि प्रदेश के संगठन के पदाधिकारियों को चुनावी मैदान में उतारना संगठन के लिए फायदेमंद रहेगा। यही वजह कि थोक में इस बार संगठन के पदाधिकारियों को टिकट दिया गया है।

### 3 पूर्व अध्यक्ष भी मैदान में

पूर्व प्रदेशाध्यक्ष विक्रम उसेंडी को अंतागढ़, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य पूर्व प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदेव साय को कुनकुरी, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष धरमलाल कौशिक को बिल्हा, पूर्व उपाध्यक्ष और संभाग प्रभारी किरण देव को जगदलपुर, किसान मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष श्याम बिहारी जायसवाल को मनेंद्रगढ़ से मैदान में उतारा गया है। इसी के साथ एक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी को कोंडागांव से टिकट दिया गया है।



### जिला अध्यक्षों पर भी दांव

कुछ जिलों के अध्यक्षों पर भी दांव खेला गया है। इसमें बलौदाबाजार से रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष टंकराम वर्मा को मैदान में उतारा गया है। इसी के साथ महासमुंद से जिला अध्यक्ष योगेश्वर सिंहा, जैजैपुर के जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्र, पामगढ़ के अजा के जिला अध्यक्ष संतोष लहरे, प्रतापपुर की महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष शकुंतला सिंह पोर्ते, पडंरिया से महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री भावना बोहरा को भी मैदान में उतारा गया है।

### थोक में प्रवक्ता भी मैदान में

शिवरतन शर्मा भाटापारा के विधायक होने के साथ उपाध्यक्ष भी हैं। प्रदेश पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष भरत वर्मा को भी टिकट दिया गया है। थोक में प्रवक्ता भी हैं जिनको टिकट दिया गया है, हालांकि इसमें विधायक ज्यादा हैं। इनमें प्रमुख नाम प्रदेश प्रवक्ता और आरोपपत्र समिति के संयोजक और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य अजय चंद्राकर, रंजना साहू, राजेश मूणत, कृष्णमूर्ति बांधी के साथ ही देवलाल ठाकुर शामिल हैं जिनको चुनावी मैदान में उतारा गया है।

### दूसरी बार प्रदेश अध्यक्ष मैदान में

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और बिलासपुर सांसद अरुण साव को लोरमी से टिकट दिया गया है। इसके पहले पिछले चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष धरमलाल कौशिक बिल्हा से चुनाव लड़ चुके हैं। हालांकि तब वे विधायक थे, ऐसे में उनका टिकट पक्का था, लेकिन वे विधायक के साथ प्रदेशाध्यक्ष रहते हुए चुनाव लड़े जिस तरह से अब अरुण साव सांसद रहते हुए चुनाव लड़ रहे।

### तीन महामंत्री- तीन उपाध्यक्ष मैदान में

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव के साथ तीनों महामंत्री केदार कश्यप को नारायणपुर, विजय शर्मा को कवर्धा और ओपी चौधरी को रायगढ़ से टिकट दिया है। ऐसा पहली बार हो रहा है जब संगठन के तीनों महामंत्री चुनाव लड़ रहे। इसी के साथ प्रदेश मंत्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव को कोटा से मैदान में उतारा गया है। इसके अलावा तीन उपाध्यक्षों सरला कोसरिया पर सरायपाली, उधेश्वरी पैकरा पर सामरी और लखन देवांगन पर कोरबा से दांव खेला गया है।

---

## बातें अपनी-अपनी ...

# कौन कितना सच्चा

## राहुल बोले- छग मॉडल पूरे देश में करेंगे लागू
## नड्डा ने कहा- भूपेश सरकार ने की वादाखिलाफी

### खुशहाल बना छत्तीसगढ़



*छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए कांग्रेस सरकार के 5 सबसे बेहतरीन काम, जिन्होंने उन्हें भारत में सबसे खुशहाल बनाया। धान पर एमएसपी रु. 2,640/ क्विंटल, 26 लाख किसानों को रु. 23,000 करोड़ की इनपुट सब्सिडी, 19 लाख किसानों का रु. 10,000 करोड़ का कर्ज माफ, बिजली का बिल आधा, 5 लाख कृषि मजदूरों को रु. 7,000 प्रति वर्ष। एक ऐसा मॉडल जिसे हम पूरे भारत में दोहराएंगे।-*

@rahulgandhi

### छग में घोटाले ही घोटाले



*छग की कांग्रेस सरकार घोटालों की सरकार है। शराब घोटाला, चावल घोटाला, गोठान घोटाला, कोयला घोटाला, रेत घोटाला, ट्रांसफर-पोस्टिंग घोटाला, आंगनबाड़ी बहनों की साड़ी खरीदी में घोटाला जैसे बड़े घोटाले इस सरकार की नीति व नियत को स्पष्ट करते हैं। प्रदेश की जनता इस भ्रष्ट और वादाखिलाफी करने वाली सरकार को उखाड़ फेंकने व भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प ले चुकी है।*

-@jpnadda

## नज़रिया...




# पहले चरण के विस चुनाव में 26 प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण में भाग्य आजमा रहे 223 उम्मीदवारों में से 26 ने आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है। इनमें से 16 गंभीर आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। उम्मीदवारों के खिलाफ जानबूझकर चोट पहुंचाने और धमकी देने जैसे मामले भी दर्ज हैं। छत्तीसगढ़ इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट के अनुसार, पहले चरण के 223 उम्मीदवारों में से 26 (12 फीसदी) उम्मीदवारों ने चुनाव आयोग को अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है। छत्तीसगढ़ की कुल 90 विधानसभा सीटों के लिए दो चरणों में 7 और 17 नवंबर को मतदान होना है। पहले चरण में बस्तर के 12 और राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र की 8 सीटों पर चुनाव होना है। 70 विधानसभा क्षेत्रों में 17 नवंबर को मतदान होगा। एडीआर के मुताबिक विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी के 20 उम्मीदवारों में से पांच (25 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले होने की जानकारी दी है। वहीं सत्ताधारी दल कांग्रेस के 20 में से दो (10 प्रतिशत), आम आदमी पार्टी के 10 में से चार उम्मीदवार (40 प्रतिशत) और जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के 15 में से तीन (20 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने का खुलासा किया है। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण के 20 निर्वाचन क्षेत्रों में से पांच (25 फीसदी) कांकेर, चित्रकोट, खैरागढ़, पंडरिया और कवर्धा ऐसे हैं, जहां तीन या उससे अधिक उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले हैं। आपराधिक मामलों में कुछ पूर्व विधायक और वर्तमान विधायक भी शामिल हैं। बता दें कि पहले चरण की 20 विधानसभा सीटों में चुनाव होना है, जिसमें कोंटा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, चित्रकोट, जगदलपुर, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, केशकाल, कांकेर, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़, मोहला-मानपुर, खुज्जी, डोंगरगांव, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, खैरागढ़, कवर्धा और पंडरिया विधानसभा क्षेत्र शामिल है। कई विधानसभा क्षेत्र माओवादी हिंसा की वजह से अति संवेदनशील हैं।

---

# कांग्रेस में 60-70 साल के 19 और भाजपा में 14 प्रत्याशी, सबसे उम्रदराज 80 साल के ननकीराम

**भिलाई से**
**देवीलाल साहू**

विधानसभा चुनाव के 90 विधानसभा सीटों पर कांग्रेस और भाजपा ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। दोनों दलों ने इस बार अनुभवी प्रत्याशियों को ही मैदान में उतारा है। युवाओं को कम मौका मिला है। हाल यह है कि 80 साल से ऊपर आयु के दोनों की पार्टी ने एक-एक प्रत्याशी मैदान में हैं। सबसे वरिष्ठ प्रत्याशी के रूप में कांग्रेस ने पत्थलगांव सीट से 86 साल के रामपुकार सिंह को प्रत्याशी बनाया है। इसी तरह भाजपा ने 80 साल के ननकीराम कंवर को रामपुर विधानसभा सीट से मैदान में उतारा है। 60 से 70 साल के बीच आयु वाले कांग्रेस ने 19 और भाजपा ने 14 प्रत्याशी को मैदान में उतारा है।

### 60 से 50 के बीच 65 प्रत्याशी

विधानसभा चुनाव में सबसे दिलचस्प बात यह है कि 60 से 50 साल के बीच सबसे ज्यादा प्रत्याशी मैदान में हैं। दोनों की दलों ने इस आयु वर्ग को सबसे ज्यादा 65 प्रत्याशियों पर भरोसा किया है। कांग्रेस पार्टी ने इस आयु वर्ग के 30 और भाजपा ने 35 प्रत्याशियों को टिकट दिया है। इसमें नए चेहरे भी है। कांग्रेस में पहली बार कोंटा से अटल श्रीवास्तव 52 साल, अकलतरा से राघवेंद्र सिंह 38 साल, कुरूद तारिणी चंद्राकर 46 साल, वैशालीनगर से मुकेश चंद्राकर 49 साल, धमतरी से ओंकार साहू 42 साल आदि को मैदान में उतारा है। भाजपा ने जगदलपुर सीट से किरण देव सिंह 60 साल को प्रत्याशी बनाया है। इस पार्टी ने कोंटा से सोयम मुक्का 56 साल, बस्तर सीट से मनीराम कश्यप 44 साल , कांकेर सीट से आशाराम नेताम 43 साल, दुर्ग शहर गजेंद्र यादव 45 साल, दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर49 साल, वैशालीनगर रिकेश सेन 45 साल, सबसना संपत अग्रवाल 62 साल, बलौदाबाजार टेकराम वर्मा 61 साल सहित अन्य चुनाव मैदान में हैं।



### 70 साल से अधिक आयु वाले 9 प्रत्याशी मैदान में



विधानसभा चुनाव में इस बार 70 साल से ज्यादा आयु वाले 10 प्रत्याशी मैदान में हैं। जिसमें कांग्रेस पार्टी के 4 और भाजपा के 5 प्रत्याशी हैं। अंबिकापुर विधानसभा सीट से कांग्रेस के टीएस सिंहदेव 71 साल के हैं। प्रेमनगर विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी खेलसाय सिंह 76 साल को टिकट दी गई है। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू को दोबारा टिकट दी गई है। कोंटा अनुसूचित जनजाति आरक्षित विधानसभा सीट से कवासी लखमा 70 साल कांग्रेस से चुनाव मैदान में हैं। भाजपा से बैकुंठपुर विधानसभा सीट से भैयालाल राजवाड़े 72 साल मैदान में उतारे गए हैं। मुंगेली विधानसभा से पुन्नूलाल मोहिले 72 साल, अहिवारा विधानसभा सीट से 75 साल के डोमनलाल कोर्सेवाड़ा चुनाव लड़ रहे हैं। राजनांदगांव से पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, तखतपुर विधानसभा सीट से 70 वर्षीय धर्मजीत सिंह चुनाव मैदान में हैं।

## दोनों दलों ने नए चेहरों के साथ ही अनुभव को भी टिकट वितरण में दी अहमियत

**कांग्रेस व भाजपा में किस आयु वर्ग के कितने प्रत्याशी**

| आयु वर्ग | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 80 साल से ऊपर | कांग्रेस | 1 | भाजपा | 1 |
| 70 साल से अधिक | कांग्रेस | 4 | भाजपा | 5 |
| 60 साल से अधिक | कांग्रेस | 19 | भाजपा | 14 |
| 60 से 50 साल | कांग्रेस | 30 | भाजपा | 35 |
| 50 से 40 साल | कांग्रेस | 26 | भाजपा | 32 |
| 40 से 30 साल | कांग्रेस | 09 | भाजपा | 06 |
| 30 साल से नीचे | कांग्रेस | 00 | भाजपा | 01 |

**सबसे युवा एक मात्र प्रत्याशी खुज्जी में :** कांग्रेस व भाजपा में 30 साल से नीचे आयु वाले केवल एक मात्र प्रत्याशी को टिकट मिली है। भाजपा ने खुज्जी विधानसभा सीट से 28 साल के युवा चेहरे को मौका दिया है। इस विधानसभा सीट से 28 वर्षीय गीता साहू को मैदान में उतारा है। गीता पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रही हैं। वे जिला पंचायत अध्यक्ष रही हैं। इस सीट पर तीन बार कांग्रेस का कब्जा रहा है। एक बार भाजपा जीती है।



### 60 साल से अधिक 19 प्रत्याशी



इस विधानसभा चुनाव में 33 प्रत्याशी 60 साल से ज्यादा उम्र वाले हैं। जिसमें कांग्रेस से 19 प्रत्याशी मैदान में हैं। इस आयु वाले ज्यादातर विधानसभा सीटों में दिग्गज नेता अपना भाग्य आजमा रहे हैं जिनकी आयु 69 साल की है। मसलन बिल्हा विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सियाराम कौशिक 69 साल, अभनपुर विधानसभा सीट से धनेन्द्र साहू 69 साल, सक्ती विधानसभा सीट से चरणदास महंत 69 साल, भटगांव विधानसभा से पारसनाथ राजवाड़े 61 साल, राजिम विधानसभा सीट से अमितेष शुक्ल 66 साल, बसना विधानसभा सीट से देवेन्द्र बहादुर 62 साल, सिहावा विधानसभा सीट से अंबिका मरकाम 65 साल, दुर्ग शहर अरूण वोरा 63 साल, कवर्धा विधानसभा सीट से मो. अकबर 67 साल, कांकेर विधानसभा से शंकर ध्रुवा 65 साल, बस्तर विधानसभा सीट से लोकेश्वर बघेल 64 साल, नारायणपुर विधानसभा सीट से चंदन कश्यप 63 साल शामिल हैं।



### भाजपा के 14 प्रत्याशी 60 साल से ज्यादा

भाजपा के 14 प्रत्याशी ऐसे हैं जिनकी आयु 60 साल से ज्यादा है ओर इस बार चुनाव मैदान में हैं। इनमें 69 आयु वाले नवागढ़ विधानसभा से दयालदास बघेल चुनाव मैदान में हैं। डोंगरगढ़ विधानसभा से विनोद खांडेकर 66साल चुनाव लड़ रहे हैं। इसी उम्र वाले बिंद्रा नवागढ़ से गोवर्धन मांझी अपना भाग्य आजमा रहे हैं। रायपुर दक्षिण से बृजमोहन अग्रवाल 64 वर्ष प्रत्याशी हैं।पाटन विधानसभा से विजय बघेल 62 साल चुनाव मैदान में हैं। बसना से संपत अग्रवाल 62 साल और मस्तूरी विधानसभा सीट से कृष्णमूर्ति बांधी 61 साल चुनाव लड़ रहे हैं।

### दोनों दलों के 15 युवा प्रत्याशी मैदान में

विधानसभा चुनाव में दोनों दलों के 18 युवा प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इसमें कांग्रेस पार्टी के 9 और भाजपा के 6 प्रत्याशी हैं। जिनकी आयु 40 साल से 30 साल के बीच है। कांग्रेस के जिन 9 विधानसभा सीटों पर युवा प्रत्याशी उतारे हैं उसमें खरसिया विधानसभा सीट हैं। अकलतरा विधानसभा, भिलाईनगर विधानसभा, खैरागढ़ विधानसभा, डोंगरगढ़ विधानसभा, सारंगढ़ विधानसभा, मुंगेली विधानसभा, बिलाईगढ़ विधानसभा, जैजेपुर, लैलूंगा और अंतागढ़ विधानसभा में इस आयु के प्रत्याशी उतारे हैं। इसी तरह भाजपा ने खैरागढ़ विधानसभा, धमतरी विधानसभा, सीतापुर विधानसभा, सारंगगढ़ विधानसभा, चंद्रपुर विधानसभा, भटगांव विधानसभा में युवा प्रत्याशी को टिकट दिया है।



---

# विकास और नाकामियों के मुद्दे पर महिलाएं मैदान में

*पंकज तिवारी ,रायगढ़। जिले की एससी आरक्षित लैलूंगा विधानसभा सीट पर पहली बार दो महिला प्रतिद्वंद्वी आमने - सामने हैं। मुकाबला कांग्रेस के पूर्व विधायक की बहू और बीजेपी की पूर्व विधायक के बीच है। कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश सरकार के कामकाज को प्रचार का आधार बना रहे हैं तो बीजेपी उम्मीदवार सरकार और वर्तमान विधायक की नाकामी को बडा मुद्दा बनाया है। दोनों प्रमुख प्रत्याशियों ने चुनाव को लेकर अपने विजन साझा किया।*

**सवाल-लैलूंगा मे काँग्रेस ने पहली बार महिला को प्रत्याशी बनाया है। इसे अवसर मानती हैं या चुनौती?**

जवाब- चुनौती जैसी कोई बात नहीं , हॉं अवसर जरुर है। पार्टी ने महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढावा देने के उद्देश्य से लैलूंगा मे मुझे मौका दिया है।



**सवाल— जनता के बीच सरकार के उपलब्धियों के प्रचार पर जोर है या आपका अपना कोई विजन है ?**

जवाब- कांग्रेस सरकार ने राज्य मे जिन कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया है उनसे लैलूंगा विधानसभा भी लाभान्वित है। यहां के जैविक जौफूल चावल को अंतर्राष्ट्रिय पहचान दिलाने मे सरकार का महत्वपूर्ण योगदान है। किसानों से लेकर युवाओं और महिलाओं तक सभी के लिए विकास के नये द्वार खुले हैं। यही मेरे प्रचार का मूल आधार है। स्थानीय सातर के मुद्दों पर व्यक्तिगत दृष्टिकोण भी है।

**सवाल- सीटिंग विधायक की टिकट काट दी गई, आपका नाम घोषित होने का विरोध भी है। इसका असर चुनाव और प्रचार पर कितना पड़ रहा है?**

जवाब-कांग्रेस के प्रति जनता मे इतना विश्वास बढ़ा है कि सरकार को दोबारा जनादेश मिलना तय है। ऐसे मे दावेदारों की संख्या बढना निश्चित है किंतु छुटपुट असंतोष को बातचीत कर सुलझा लिया गया है। कोई असंतोष नहीं है सभी एकजुट हैं।

**सवाल- विपक्ष मौजूदा विधायक पर नाकामी का आरोप लगा रहा है । आपकी रणनीति क्या है?**

जवाब - भूपेश बघेल का नाम , छत्तीसगढ़िया संस्कृति और सरकार का 5 साल का जन कल्याणकारी काम । यही हमारी रणनीति है और इसी रणनीति से विजय सुनिश्चित होगी।

**सवाल- लैलूंगा मे विकास के अलावा धर्मांतरण एक बडा मुद्दा रहा है । क्या चुनाव मे इस पर भी कोई बात होगी?**

जवाब-धर्म और संम्प्रदाय की राजनीति बीजेपी का सियासी षड्यंत्र है। लैलूंगा ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश मे धर्मांतरण या धार्मिक भावनाओं को आहत करने का कोई मुद्दा अथवा आरोप नहीं है।

**सवाल- वो तीन प्रमुख काम कौन से हैं जो आप चुनाव जीतने के बाद सबसे पहले कराएंगी?**

जवाब -प्रदूषण पर नियंत्रण के उपाय , उच्च भार क्षमता की सडकों का निर्माण और स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार के अवसरों मे प्राथमिकता है।

**सवाल- सीमित खर्च , चुनाव आयोग की सख्ति और सोशल मीडिया के दौर मे चुनाव लड़ने मे समस्या तो नहीं आ रही?**

जवाब- चुनाव आयोग की सख्ति का पालन करेंगे। बीजेपी को ग्राउंड और सोशल मीडिया पर उसी के अंदाज मे जवाब देंगे।

**सवाल- आप एक महिला प्रत्याशी हैं। महिलाओं के लिए पिछली सरकार के किए काम बेहतर थे या इस सरकार मे?**

जवाब- पिछली सरकार मे महिलाओं के गर्भाशय निकालने की घटना हुई। राशन कार्ड मे परिवार का मुखिया बनाकर खाद्य घोटाला किया गया। जबकि इस सरकार मे महिलाओं के उत्थान के द्वार खुले। हर जगह महिलाएं आत्मनिर्भर हुई हैं। इन 5 सालों मे बहुत कुछ बदला है।

**सवाल -दो दशकों तक राठिया दम्पती को जनता ने भली भांति देखा है, फिर पिछला चुनाव हारने के बाद इस बार भी आपको ही टिकट क्यों दी गई ?**

जवाब- जनता ने जब भी अवसर दिया उनके विश्वास पर खरा उतरने की कोशिश की गई । चुनाव हारने के बाद भी पूरे विधानसभा मे निरंतर सक्रिय होने तथा जनता के मुद्दों पर मुखर रहने के कारण पार्टी ने फिर अवसर दिया है।



**सवाल— कांग्रेस विधायक का कार्यकाल कैसा रहा ?**

जवाब- पार्टी ने उनका टिकट काटकर यह बता दिया है कि कांग्रेस विधायक का कार्यकाल कैसा रहा। लैलूंगा की जनता अब पिछली गलती नहीं दोहराएगी।

**सवाल— आपके नाम का विरोध भी बताया जा रहा है। पार्टी नये चेहरों को अवसर कब देगी।**

जवाब-मेरे नाम का विधानसभा मे कोई विरोध नहीं है। ये विपक्ष का फैलाया भ्रम है। बीजेपी विश्व की सबसे बड़ी और कैडर आधारित पार्टी है । संगठन मे सभी के लिए उपयुक्त अवसर उपलब्ध कराये जाते रहे हैं। विधानसभा चुनाव अनुभव का चुनाव है और पार्टी के नौजवान साथी भी इस बात को जानते तथा समझते हैं।

**सवाल- राठिया दम्पती को सबसे अधिक अवसर मिलन के बावजूद लैलूंगा विधानसभा विकास के दृष्टिकोण से पिछड़ा क्यों है?**

जवाब-लैलूंगा विधानसभा वन और खनिज सम्पदा से भरपूर है। मूलभूत सुविधाओं को छोड़ यहां की विकास योजनाएं सामान्य तरीके से बना पाना कठिन है। खदान, पहाड़ , जंगल जैसे भौगोलिक परिदृश्य मे मैदानी क्षेत्र के समान विकास का खाका खींचना संभव नहीं है। समय लगना लाजिमी है।

**सवाल- कांग्रेस सरकार की योजनाओं की लैलूंग मे कैसी स्थिति है?**

जवाब- सभी गौठान सूने हैं। गौवंश सड़क दुर्घटनाओं मे मर रहे हैं। सड़क गड्ढों मे बदल गई है। तमनार विखं मे प्रदूषण चरम पर है। खदान होने के बावजूद बेरोजगारी है। कानून व्यवस्था सौदेबाजी बन कर रह गई है । बीजेपी शासन मे शुरु हुए स्कूल व सीएचसी भवन अब तक अधूरे हैं। सब कुछ मुख्यमंत्री और सरकार के दावों के उलट है। जनता परेशान हो चुकी है।

**सवाल- आपकी नजर मे सबसे बड़ा मुद्दा क्या है,उसे कैसे हल करेंगी?**

जवाब- मैने पहले भी कहा कि मेरी विधानसभा मे प्राथमिकता तय करना मुश्किल है। फिर भी रोजगार शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं सबसे पहल बेहतर की जाएंगी।

**सवाल- चुनाव मे आपकी रणनीति क्या रहेगी ?**

जवाब- भूपेश सरकार और क्षेत्रीय विधायक की नाकामी सबसे बडा मुद्दा होगी। चुनाव की एक पूरी प्रक्रिया है। जो मेहनत करनी है वो करनी ही पडेगी।

**सवाल- कांग्रेस ने इस बार एक महिला को उतारा है। मुकाबला कितना कडा होगा।**

जवाब-चुनाव विचारधारा और मुद्दों पर आधारित होता है। उम्मीदवारी का जेंडर मायने नहीं रखता। हम अपने विजन के साथ जनता के बीच जा रहे हैं। जनता का समर्थन भी मिल रहा है।

---

# बस्तर की तीनों सीटों में महिला मतदाताओं की 'भूमिका' अहम

*263468 पुरुषों की तुलना में 287552 महिला मतदाता*

*ग्रामीण क्षेत्र की मातृ शक्ति का मतदान प्रतिशत शहरी क्षेत्र से ज्यादा*



**जगदलपुर से**
**अनिल सामंत**

बोलते हैं हर अच्छे कार्य के पीछे महिलाओं का योगदान होता है ठीक वैसे ही बस्तर संभाग में हर चुनाव में महिला मतदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। खासकर आदिवासी बाहुल्य बस्तर में यह बात शतप्रतिशत सटीक बैठता है।

बस्तर जिले में तीन विधानसभा है बस्तर, जगदलपुर और चित्रकोट तीनों विधानसभा में कुल 551020 मतदाता है जो अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। खासबात यह है कि पुरुष मतदाता के तुलना में महिला मतदाता की संख्या ज्यादा है। पुरुष जहां 2 लाख 63 हजार 468 है वहीं 2 लाख 87 हजार 552 महिला मतदाता मतदान में हिस्सा लेकर किसी भी राजनीति दल के प्रत्याशी की जीत-हार तय कर सकते हैं। अचरज की बात है कि तीनों विस क्षेत्र में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष के मुकाबले अधिक है। 85 बस्तर विधानसभा में यहां 81186 पुरुष मतदाता और 86449 महिला है। बस्तर विधानसभा में पुरुषों की तुलना में 5263 महिला मतदाता ज्यादा है। जगदलपुर विधानसभा की बात करें तो यहां भी महिला मतदाता चुनाव परिणाम को प्रभावित करने का माद्दा रखती है। यहां पुरुष मतदाता 98 हजार 809 है वहीं 107144 महिला मतदाता है। इस तरह जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में पुरुषों की तुलना में 8335 महिला मतदाता ज्यादा है। चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र में तो मातृ शक्ति का सबसे अहम योगदान रहेगा। कारण इस विधानसभा सीट में पुरुषों की अपेक्षा 10486 ज्यादा महिलाएं हैं। इस सीट में पुरुष मतदाता की संख्या 83473 है, तो महिला मतदाताओं की संख्या 93959 है।

# अयोध्या में श्री रामजन्मभूमि मंदिर में रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह को सफल बनाने हेतु रणनीति तैयार

## व्यापक गृह संपर्क एवं जन सम्पर्क अभियान, संघ विचार परिवार की बैठक में कार्यक्रमों की की गई घोषणा










प्रखर वाराणसी। संघ विचार परिवार की रविवार को संत अतुलानंद कान्वेंट स्कूल कोयराजपुर में विशाल बैठक संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में 22 जनवरी को अयोध्या में संपन्न होने वाले ऐतिहासिक प्राण प्रतिष्ठा समारोह के संबंध में विस्तृत कार्य योजना की घोषणा की गई। चार अलग-अलग सत्रो में पूरे दिन भर चली बैठक मेंविचार परिवार के 35 संगठनों के प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करने का आह्वान किया गया।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महामंत्री एवम् विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंपत राय ने पूरे 45 दिन तक चलने वाले महाअभियान की चरण बद्ध ढंग से विस्तृत जानकारी दी। तय योजना के अनुसार 4 नवंबर 2023 को 200 कार्यकर्ता अयोध्या पहुंचेंगे। पांच को वहां से अक्षत भरे पीतल के कलश लेकर सभी विभाग के दो पर उसे पहुंचाएंगे। यह अक्षत न्यास की ओर से आमंत्रण का प्रतीक होगा।

5 नवंबर से दिसंबर के अंतिम सप्ताह तक कार्यकर्ता देशभर के सभी मंदिरों में अक्षत पहुंचायें गे 1 से 15 जनवरी 2024 तक पूजित अक्षत लेकर कार्यकर्ता हर गांव मोहल्ले एवं बस्तियों में संपर्क कर सभी को अयोध्या पहुंचने का औपचारिक निमंत्रण देंगे। प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन 22 जनवरी को कार्यकर्ता अपने-अपने गांव मोहल्ले के मंदिरों में इकट्ठे होंगे। वहां भजन कीर्तन के कार्यक्रम चलेंगे तथा सायं काल अपने दरवाजे पर दीप जलाएंगे। 5 करोड़ घरों में इस दिन दीपक जलाए जाएंगे। 22 जनवरी को अयोध्या में केवल देश भर के कश्मीर से कन्याकुमारी तक के 140 संप्रदायों के साधु संत, प्रधानमंत्री सरसंघचालक तथाइस आंदोलन में प्राण गवाने वालों के परिजन और विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धियां अर्जित करने वाले समाज के विशिष्ट नागरिक उपस्थित होंगे। 8000 लोगों कीसीमित क्षमता होने के कारण कार्यकताओं से 22 जनवरी को अयोध्या न आकर अपने अपने क्षेत्र में कार्यक्रमों में जुटने का निर्देश दिया गया है । कार्यकताओं को अलग-अलग तिथियों में उनके प्रांत के अनुसार अयोध्या पहुंचने का चंपत राय ने निमंत्रण दिया।अयोध्या पहुंचने वाले कार्यकताओं के रुकने तथा भोजन आदि की समुचित व्यवस्था का भी उन्होंने भरोसा दिलाया। 25000 कार्यकर्ता ओ के प्रतिदिन अयोध्या में रूकने एवं खाने की व्यवस्था की जा रही है।

काशी प्रांत के कार्यकर्ता 30 जनवरी को अयोध्या पहुंचेंगे। इसी तरह अलग-अलग प्रांतो के लिए अलग-अलग तिथियां होंगी। 45 दिनों तक चलने वाले इस अभियान में 50 लाख लोगों के आवास एवं भोजन की व्यवस्था अयोध्या में उपलब्ध कराई जाएगी। काशी प्रांत के प्रांत प्रचारक रमेश जी ने द्वितीय सत्र में कार्यकताओं को संबोधित किया। उन्होंने आग्रह किया कि संगठन की रीति नीति के अनुसार और सभी कार्यकर्ता अपने-अपने स्थान पर सौंपे गये दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वाह करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र के मंदिरों की सूची बनाएं प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन मंदिरों में संपूर्ण हिंदू शक्ति को एकत्रित कर भजन कीर्तन के कार्यक्रम संचालित करें। माइक लगाकर प्रभु श्री राम का गुणानुवाद कराये इसके लिए कथावाचकों विद्वानों की भी सहायता ली जा सकती है। 1 से 15 जनवरी तक अब तक का सबसे बड़ा महा संपर्क अभियान चलेगा। इसमें पूरी भागीदारी निभायें। एक भी हिंदू घर छूटने न पाए इसका ध्यान रखें ।15 दिसंबर से पहले खंडो की समन्वय बैठकें हो जाए। टोलियों का गठन कर ले ।गठित टोलिया ही परिवारों से संपर्क करेंगी। विचार परिवार की बैठक जिला स्तर पर करने के लिए अभी से तिथि तय करने का उन्होंने निर्देश दिया।कार्य कताओं को 15 दिसंबर से पूर्व अयोध्या से लाई गई सारी सामग्री मिल जाएगी।

दूसरी ओर ह्लमातृशक्ति-संगमह्व को भी विभाग स्तर पर सफल बनाने लिए कार्यकताओं से सक्रिय रहने का निर्देश दिया। इसके लिए अलग-अलग विभागों की तिथियां भी घोषित कर दी गई।

छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित ऐतिहासिक महा नाट्य देखने के लिए सभी जिलों की तिथियां की भी जानकारी दी गई। 21 नवंबर को चंदौली सोनभद्र, 22 को मिजार्पुर भदोही, 23 को प्रयागराज 24 को प्रतापगढ़ कौशांबी 25 को सुल्तानपुर अमेठी तथा 26 को जौनपुर गाजीपुर के कार्यकर्ता जाणता राजा महानाट्य देखेंगे। वाराणसी जिले के लोग स्थानीय होने के कारण सभी दिनों में प्रतिभाग कर सकते हैं।

प्रसिद्ध कथावाचक शांतनु जी महाराज ने काशी आयोजित महा नाट्य जाणता राजा छत्रपति शिवा जी महाराज के जीवन पर आधारित जीवंत नाटक के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

मंच पर प्रांत संघ चालक डॉ विश्वनाथ लाल निगम प्रांत कार्यवाह मुरलीपाल जी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। संचालन सह प्रांत कार्यवाह डॉ राकेश जी ने किया। समन्वय बैठक में भारत विकास परिषद विहिप सक्षम आरोग्य भारती सेवा भारती विद्यार्थी परिषद शैक्षिक महासंघ इतिहास संकलन समिति गंगा समग्र भाजपा भारतीय मजदूर संघ समेत कल 36 संगठनों के 545 पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### रोटरी द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन 31 अक्टूबर को




प्रखर कसया कुशीनगर। अन्तर्राष्ट्रीय सामाजिक संगठन रोटरी क्लब कुशीनगर मंडल- 3120 द्वारा 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन कसया स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में किया जा रहा है। इस शिविर को सफल बनाने हेतु रोटरी क्लब कुशीनगर के मासिक बैठक कसया स्थित एक स्थानीय होटल में की गई। बैठक में रोटरी के अध्यक्ष वाहिद अली ने बताया कि रक्तदान के माध्यम से सैकड़ों लोगों को जीवनदान मिलेगा। सचिव राजीव जायसवाल एवं कार्यक्रम संयोजक विजय कृष्ण द्विवेदी के द्वारा इस महादान अभियान में अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान करने की अपील की गई।

### लायंस क्लब वाराणसी सिल्क सिटी ने पाणिनि कन्या महाविद्यालय में दिया सैनिटरी पैड डिस्पोजल मशीन



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। लायंस क्लब वाराणसी सिल्क सिटी द्वारा पाणिनि कन्या महाविद्यालय महमूरगंज मे सैनिटरी पैड डिस्पोजल मशीन को दिया गया` इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. उषा गुप्ता थी वहीं डॉ. उषा गुप्ता ने क्लब की तारीफ करते हुए कहा कि यह बहुत ही अच्छा काम किया गया है इस मशीन से काफी सहूलियत हो जायेगी विद्यालय की कन्याओं को जिसकी बहुत जरूरत है` अध्यक्ष ला. आलोक अग्रवाल ने बताया कि विद्यालय की प्रिंसिपल ने सैनिटरी डिस्पोसल मशीन की आवश्यकता विद्यालय को है अगर आपके क्लब के द्वारा सम्भव हो तो इसको आप विद्यालय में लगवा दिजिए क्लब द्वारा इस मशीन को विद्यालय में लगवा दिया गया है ` इस मौके पर क्लब के काफी संख्या में सदस्यों ने सहभागिता की` ला. रोहित, ला. वैभव ला. शैलेंद्र, ला. राकेश, ला. नवनीत, ला. गौरव, ला. गोविंद, ला. अनिल, ला. अंशुमान महिला सदस्यों मे पूजा, पीयूष, अनुप्रिया, डॉ. शालिनी, अंशुल, सुरेखा, हर्षा, इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### राहुल सोनकर बने समाजवादी छात्र सभा के वाराणसी जिलाध्यक्ष



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की सुकृति से समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा के द्वारा वाराणसी महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के वरिष्ठ छात्र नेता राहुल सोनकर को वाराणसी का जिलाध्यक्ष बनाया गया। राहुल सोनकर के मनोनयन पर बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से मनोज राय धूपचंडी पूर्व मंत्री, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष छात्र सभा डॉ उमाशंकर यादव, जिलाध्यक्ष सुजीत यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश मिश्रा, पूर्व राष्ट्रीय महासचिव छात्र सभा,संदीप सिंह स्वर्णकार, पूर्व महासचिव गणेश यादव, प्रदेश सचिव सोमनाथ यादव, पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष काशी विद्यापीठ रवि सोनकर, पूर्व मीडिया प्रभारी मनोज यादव गोलू अनुराग यादव निशु, शुभम यादव मनीष पाण्डेय, मयंक यादव, पूर्व प्रदेश सचिव अमन यादव, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष काशी विद्यापीठ विमलेश यादव विमलेश यादव, डॉ अनिश सोनकर, संतोष सोनकर, पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष रोशन कुमार, पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश गुप्ता, पुस्तकालय मंत्री काशी विद्यापीठ शुभम पाल आदि प्रमुख रूप उपस्थित रहे।

### अराजक तत्वों ने विद्यालय में की तोड़फोड़

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा स्थित प्राथमिक विद्यालय में अराजक तत्वों ने एक सप्ताह बाद फिर चोरी व तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया। पुलिस अभी तक पिछली घटना का खुलासा नही कर पाई। फूलपुर पुलिस को दिए तहरीर में प्राथमिक विद्यालय पिंडरा प्रथम की प्रधानाध्यापिका डॉ गीता तिवारी ने आरोप लगाया कि एक सप्ताह पूर्व विद्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ने के अलावा ग्रिल तोड़कर चुरा ले गए थे। अभी पुलिस जांच में जुटी थी तभी रविवार की रात्रि में चोरों ने शौचालय , मल्टीपल हैंडवाश, नल की टोटी, हैंडपंप ,पानी की टँकी के साथ विद्यालय में लगे पौधों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे विद्यालय के शिक्षको और छात्र छात्राओं में रोष दिखा और पुलिस प्रशासन से अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

### गोसेवक ने बचाई गाय की जान



प्रखर पिंडरा वाराणसी। गोसेवक सुल्तान अहमद ने सोमवार को फिर सड़क के किनारे घायलावस्था में पड़ी बेजुबान का उपचार कर उसका जीवन बचाया। फूलपुर स्थित हाइवे पर किसी गाड़ी से टक्कर होने से गाय का पैर टूट गया था । ग्रामीण अनिल पटेल की सूचना गोसेवक सुल्तान अहमद मौके पर पहुचे और उसका उपचार कर गोशाला पहुचाया। फूलपुर निवासी सुल्तान अहमद ने अब तक दर्जनो गोवंशों के जीवन को बचा चुके हैं।

## नेशनल टेबल टेनिस में आर एस वर्ल्ड स्कूल की छात्राओं का चयन ओलंपियन ललित उपाध्याय ने सभी खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। वाराणसी आरएस वर्ल्ड स्कूल के टेबल टेनिस टूनार्मेन्ट में विभिन्न विद्यालयों से आए खिलाड़ियों ने फाइनल मैच में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। तीन दिवसीय टेबल टेनिस टूनामेंट के तीसरे दिन सुबह से शाम तक खिलाड़ियों के बीच कांटे का मुकाबला देखने को मिला टूनार्मेन्ट के बाद नेशनल टेबल टेनिस में आर एस वर्ल्ड स्कूल की छात्राओं का चयन हुआ , विशिष्ट अतिथि ओलंपियन ललित उपाध्याय ने टूनार्मेन्ट के सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल प्रदान करके पुरस्कृत किया गया। राजातालाब स्थित आरएस वर्ल्ड स्कूल के स्टेडियम में समारोह के दौरान टेबल टेनिस क्लस्टर -श के सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया तीन दिवसीय टेबल टेनिस टूनामेंट के समापन समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया` मुख्य अतिथि स्टांप एवं पंजीयन राज्यमंत्री रविंद्र जायसवाल विशिष्ट अतिथि ओलंपियन विजेता खिलाड़ी ललित उपाध्याय, विद्यालय की चेयरमैन अंजू जायसवाल एवं वाइस चेयरमैन आयुष जायसवाल ने संयुक्त रूप से सभी विजेता खिलाड़ियो को मेडल प्रदान कर पुरस्कृत किया। ओलंपियन ललित उपाध्याय को विद्यालय परिवार की ओर से अंगवस्त्रम् एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया` अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने वाराणसी सहित पूर्वांचल के विभिन्न विद्यालयों से आए विजेता खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्रदेश के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच मुहैया कराने के लिए सरकार हमेशा तत्पर है` खेल में हार जीत होती रहती है खिलाड़ियों को इससे निराश नहीं होना चाहिए बल्कि भविष्य में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए अपने आप को तैयार करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि ओलंपियन ललित उपाध्याय ने सभी विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल खिलाड़ियों को जीवन में 'एकजुटता और अनुशासन सिखाती है खिलाड़ियों को हार से कभी भी मायूस नहीं होना चाहिए बल्कि उन्हें खेल में अपना हंड्रेड परसेंट देना चाहिए विद्यालय की चेयरमैन अंजू जायसवाल एवं वाइस चेयरमैन आयुष जायसवाल ने विभिन्न विद्यालयों से आए सभी छात्र-छात्रा खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। टेबल टेनिस टूनार्मेन्ट में 26 जिलों के 65 विद्यालयों से 475 छात्र-छात्रा खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया` स्टेडियम में बने भव्य मंच पर अपने गायन और सामूहिक नृत्य की मनोहारी प्रस्तुतियों से समारोह को यादगार बना दिया कार्यक्रम का संचालन देश रतन एवं कोमल गोस्वामी ने संयुक्त रूप से किया।

## असहायों और जरूरतमंदों के बीच फिल्म अभिनेता चन्दन ने जन्मदिन पर बांटे कंबल



प्रखर जलालपुर जौनपुर। क्षेत्र के त्रिलोचन महादेव बाजार निवासी रियल हीरो की मिसाल पैदा करने वाले फिल्म अभिनेता चन्दन सेठ अक्सर सुर्खियों में रहते हैं।उनका दरियादिली वाला अंदाज किसी से छिपा नही है।यही वजह है कि आज फैंस उन्हे बेइंतहा प्यार करते हैं।सोमवार को चन्दन सेठ अपने जन्मदिन के अवसर पर पराऊगंज बाजार में कंबल वितरण करने पहुंचे तो वहां के अध्यक्ष शिवचन्द यादव के नेतृत्व में सैकड़ो लोगों ने उनका बैंड बाजे व गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत किया।अभिनेता चन्दन की एक झलक पाने के लिए लोग अपनी छतो पर से देख रहे थे।अभिनेता ने वहां असहाय व गरीब लोगों में कबंल वितरण किया।बता दें चन्दन सेठ पराऊगंज बाजार में सम्मान समारोह व असहाय एवं गरीबों में कंबल वितरण के लिए वहां पहुंचे थे।चन्दन ने गांव के बच्चों के साथ के साथ केक काटकर अपना 32वां जन्मदिन मनाया।चन्दन ने अपने हाथों से 300 बच्चों में बिस्कुट और चाकलेट बाँटा।अपने हाथ से सभी को केक भी खिलाया। सभी बच्चों से देर तक बात भी किया। चन्दन ने बताया इन बच्चों से मिलकल जन्मदिन यादगार बन गया। बताया कि बच्चों और ग्रामवासियों ने जिस तरह प्यार और सम्मान दिया है,अतुलनीय है।विदित हो कि जन्मदिन के खास मौके पर 500 असहाय व जरूरतमंदों में कंबल वितरित किया।श्री सेठ जन्मदिन के शुभ अवसर पर 10 पोधों का पौधरोपड़ किया।चन्दन ने मौजूद ग्रामवासियों से अपने जन्मदिन पर उपहार स्वरूप एक-एक पौधे लगाने का आग्रह किया।जिसकी सराहना गांव के संभ्रांत सहित क्षेत्र के लोगों ने किया।सभी ने एक-एक पौधा लगाने का संकल्प लिया।श्री सेठ ने बताया यह अभियान यहीं नही थमा है। इनका लक्ष्य एक लाख पौधे लगाने का है। ग्रीन इंडिया क्लीन इंडिया यह संदेश वह जनता तक पहुंचाना चाहते हैं। चन्दन ने बताया अब तक तीस हजार से ज्यादे पौधे का पौधरोपण कर चुके हैं।त्रिलोचन महादेव स्थित प्राचीन व ऐतिहासिक हनुमान मंदिर पर सहयोगीयों के साथ मिलकर झाडु लगाकर मंदिर के आस-पास साफ-सफाई भी किया।चन्दन ने बताया जन्मदिन के शुभदिन पर फिल्म इंडस्ट्री सहित उनके सगे-संबधियों,करीबी मित्रों तथा उनके चाहने वालों ने फोन पर कॉल व मैसेज करके,व्याटस्अप व सोशल मीडिया पर भी बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।चन्दन जल्द ही भोजपुरु फिल्म रंगीला बनारस व हिन्दी शार्ट फिल्म रहस्य में मुख्य किरदार में दिखाई देंगे।

## अयोध्या काण्ड की पावन मांगलिक चौपाइयों पर झूम उठे श्रोतागण






प्रखर जौनपुर। बी आर पी मैदान पर चल रहे श्रीराम कथा के पांचवे दिन शांतनु महाराज ने अयोध्या कांड की पावन मांगलिक प्रारंभिक चौपाइयों के गायन के साथ प्रारंभ किया। आज महाराज ने भरी सभा में शीशा देखा ।महाराज श्री ने शीशा देखने के तात्पर्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि सही व्यक्ति का गुरु भी है दुश्मन भी है इसलिए शीशा जरूर देखना चाहिए । स्वयं के देखने से गुरु का काम करता है यदि दूसरा दिखाएं तो दुश्मन का काम करता है। शीशा देखने का अर्थ आत्मावलोकन आत्मचिंतन आत्म दर्शन आत्म संवाद से है। जब महाराज को सफेद बाल कान के दिखाई पड़े तो उन्होंने राज्य राम को सौंपने का मन बनाया। ऐसे ही संकेत मिलता है कि चौथा पन आ जाए तो मनुष्य को धीरे-धीरे जिम्मेदारियों से हटकर भजन में मन लगाना चाहिए।राज्याभिषेक की तैयारियां हो रही थी।सरस्वती जी ने मंथरा की बुद्धि बिगाड़ी और मंथरा ने पूरा को सत्यानाश कर दिया। महाराज जी ने मंथरा के बारे में बताते हुए कहा कि मंथरा कुसंग है । कुसंग का ज्वर बहुत भयानक होता है। कुसंग को कभी छोटा नहीं समझना चाहिए। वरदान के प्रसंग को सुनाते हुए महाराज श्री ने कहा मां के के भगवान के वनवास का वरदान मांगा इस बात को महाराज दशरथ बर्दाश्त नहीं कर पाए। विनती भी की लेकिन कैकेई एक बात भी नहीं सुनी। इसी कारण से कुसंग से बचना ही चाहिए भगवान को वनवास की सूचना प्राप्त हुई । मां कौशल्या से आशीर्वाद लेकर प्रभु बन को चले।इस देश की माताओं की छाती में वह शक्ति है और क्षमता है वह पराक्रम है सहनशीलता है जो इस देश की धर्म संस्कृति परंपराओं को जीवित रखी है। कौशल्या ने कहा मां और पिता यदि दोनों की आज्ञा है तो तुझे जाना चाहिए।यह परिवार की एकता का प्रतीक है। लक्ष्मण भगवान और जानकी तीनों वन के लिए चले। यह है रघुवंश का भ्रातृ प्रेम जिस कारण से आज भी हम सब ऐसे भाइयों को याद करके आनंदित होते हैं।मुख्य प्रायोजक ज्ञानप्रकाश सिंह ने सभी के प्रति आभार जताया।

आज कथा में भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्री डा महेंद्र नाथ पांडेय मिजार्पुर के एम एल सी विनीत सिंह मड़िहान के विधायक और पूर्व मंत्री रमाशंकर पटेल पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो वंदना सिंह जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बदलापुर के विधायक रमेशचंद मिश्र संदीप सिंह रामसकल मौर्य अविनाश पाथर्डिकर अवधेश पांडेय सहित दर्जनों विशिष्ठजन उपस्थित रहे।

## कमेटी ने दो लावारिश लाशों का करवाया अंतिम संस्कार



प्रखर जौनपुर। शहर के हजरत भुंदरा शाह स्थित कब्रिस्तान पर लावारिस लाश इंतजामिया कमेटी जौनपुर के तत्वाधान में दो शवो को दफनावया गया एक शव सदर अस्पताल से बीमारी की हालत में मृत्यु के बाद थाना कोतवाली ने सौपा था,दूसरा शव थाना रामपुर मड़ियाहु से आई थी,उक्त शव के बारे में पुलिस ने सूचना दी की एक अज्ञात शव बाजार में मिला पोस्टमार्टम के बाद कमेटी को अंतिम संस्कार के लिए सौप दिया गया, एस पी सिटी बृजेश कुमार ने बताया की विभिन्न अखबार और टीवी पर सूचना देने के बाद भी जब कोई वारिस नही आता तो पोस्ट मार्टम के बाद शव कमेटी को सौंप दिया जाता है,अध्यक्ष साजिद अलीम ने बताया की कोविड काल से अब तक उक्त कमेटी सैकड़ों शव मुस्लिम समुदाय का दफना चुकी है। उपाध्यक्ष रियाजुल हक ने बताया की अगर प्रशासन को कोई भी लावारिस लाश मुस्लिम समुदाय की मिले तो उसकी अंतिम संस्कार उक्त टीम करवाएगी। मिट्टी में, इरशाद मंसूरी, सद्दाम हुसैन, दानिश इकबाल, सलीम चुन्ना, इमरान, मास्टर मेराज आदि मौजूद रहे।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं